पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 3 ◆ रायपुर 05 अगस्त 2023 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### अवार्ड की राशि नमामि गंगे योजना में देने का ऐलान

# पीएम मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार सम्मान

## पीएम मोदी यह अवार्ड पाने वाले 41वें व्यक्ति हैं

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को पुणे में तिलक स्मारक ट्रस्ट की ओर लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. खास बात ये रही कि विपक्षी एकता की कवायद और एनसीपी में फूट के बीच शरद पवार भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और उन्होंने पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया. इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे का हालचाल भी लिया. हालांकि, पुरस्कार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी दीपक तिलक के हाथों दिया गया. इस दौरान पीएम मोदी ने अवार्ड की राशि को नमामि गंगे योजना में देने का ऐलान किया.

### शरद पवार ने कसा तंज

इस मौके पर शरद पवार ने कहा, शिवाजी महाराद ने अपना साम्राज्य बनाया. लेकिन उन्होंने किसी की जमीन नहीं छीनी. पवार ने कहा, अब सर्जिकल स्ट्राइक पर चर्चा हो रही है. लेकिन लाल महल में पहली सर्जिकल स्ट्राइक शिवाजी महाराज के समय में हुई थी. जब लोकमान्य ने पुणे में प्रवेश किया तो उन्होंने एक माहौल बनाया कि यदि ब्रिटिश बेड़ियां तोड़नी हैं तो आम लोगों को जागना होगा.




### अजित पवार भी हुए कार्यक्रम में शामिल

इस कार्यक्रम में पीएम मोदी, शरद पवार के अलावा महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़नवीस, डिप्टी सीएम अजित पवार, पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे मौजूद रहे. यानी कि चाचा से बगावत के बाद किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर पहली बार शरद पवार और अजित पवार आमने-सामने आए. हालांकि, अजित पवार ने शरद पवार से नजरें नहीं मिलाईं. वे शरद पवार के पीछे-पीछे चलते नजर आए.

### *शिंदे सरकार में शामिल हुए अजित पवार*

*शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने 2 जुलाई को अपने चाचा के साथ बगावत कर दी थी. इसके बाद वे शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और बीजेपी की सरकार में शामिल हो गए थे. उन्होंने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी. इसके अलावा 8 और विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली थी.*

### *क्या है लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार?*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. आयोजकों ने कहा कि यह पुरस्कार उनके सर्वोच्च नेतृत्व को मान्यता देता है, जिसके तहत भारत प्रगति की सीढ़ियां चढ़ गया है. लोकमान्य तिलक की पुण्य तिथि के अवसर पर हर साल ये पुरस्कार दिया जाता है. लोकमान्य तिलक भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने के लिए जाने जाते हैं. पीएम मोदी यह अवार्ड पाने वाले 41वें व्यक्ति हैं. इससे पहले ये अवार्ड इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी, शरद पवार, राहुल बजाज, साइरस पूनावाला, मनमोहन सिंह मिल चुका है.*

### सहयोगियों की अपील की दरकिनार

यह पहला ऐसा मौका है, जब अजित पवार की बगावत के बाद शरद पवार और पीएम मोदी किसी कार्यक्रम में एक साथ मंच साझा किया. पहले अटकलें थीं कि शरद पवार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे. हालांकि, शरद पवार ने कार्यक्रम में आने के लिए हामी भरी थी. सहयोगियों की अपील को दरकिनार कर शरद पवार ने पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया. दरअसल, तिलक स्मारक के इस पुरस्कार की घोषणा के बाद से कांग्रेस नाखुश है.

### हमर सियान हमर अभिमान का हुआ आयोजन

# महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**नवापारा राजिम।** 'हमर सियान हमर अभिमान' मंच छत्तीसगढ़ एवं सर्व समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा इंडोर स्टेडियम रायपुर में रायपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार 7 बार सांसद रहे, त्रिपुरा एवं झारखंड के पूर्व व वर्तमान मे महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश भर से श्री बैस के चाहने वाले, साधु संत एवं खासकर रायपुर लोकासभा से उनके शुभचिन्तक सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ की पारम्परिक पोशाक मे सुसज्जित नर्तक दलो द्वारा पंथी,राउत नाचा एवं गोंडी नृत्य के साथ सबका स्वागत किया तत्पश्चात आरु साहू ने अपने स्वर से समा बाँधा ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संतो ने श्री बैस की स्वच्छ छवि की प्रशंसा करते हुए उनको जन्मदिन की भी बधाई दी। श्री बैस ने भी जब कार्यक्रम को सम्बोधित करना प्रारम्भ किया तो अपने परिचित अंदाज मे कहा राजनीति वह काजल की कोठरी है जहा से बेदाग हुए निकलना बहुत मुश्किल होता है। शायद यही कारण है की श्री बैस के चाहने वालो की संख्या जो इतने खराब मौसम मे भी उनके लिए आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित भिड़ देखने लायक थी। प्रदेश भर से उनके चाहने वालों मे परीक्षेत्र साहू समाज के प्रतिनिधि रमेश साहू,धनमती, मयाराम ,लच्छी राम ,दीपक साहू,चन्द्रिका ,लता साहू भी सम्मिलित हुए और श्री बैस को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया एवं जन्मदिवस की बधाई दिये।















छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल एवं अन्य ने मुलाकात की।

# कांग्रेस सरकार पहले शाखा नहर में पानी छोड़े - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र में बारिश की कमी के कारण खेती में हो रही पानी की कमी को देखते हुये किसानो के हित मे भाटापारा शाखा नहर में पानी छोड़ने की मांग शिवरतन शर्मा ने की है। सरकार से किसानो की परेशानी को देखते हुये अविलंब शाखा नहर मे जलप्रवाहित करने मांग की है। इस संदर्भ मे उन्होने प्रमुख अभियंता व मुख्य अभियंता सिंचाई से चर्चा कर मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्षा की स्थिति को देखते हुये वर्तमान मे किसान परेशान व चिंतित है और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता सिर्फ बयानबाजी मे मस्त है उन्हे किसानो की कोई चिंता नहीं है इसलिये आज किसान अल्प वर्षा से पूरे वर्ष भर की कमाई को गंवाने के राह पर खडे है लेकिन इस पर कोई निर्णय के बजाय थोथी बयानबाजी जारी है। वर्तमान मे पानी की कमी से ज्यादातर खेत सूखने के कगार पर है शाखा नहर मे अगर पानी छोड़ा जाता है तो हजारो एकड़ खेत का भविष्य संवारा जा सकता है इससे किसानो को फसल बचाने मे परेशान नहीं होना पडेगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार को किसानो के हित मे निर्णय लिये जाने की आवश्यकता है आज ज्यादातर किसान पानी को लेकर काफी परेशान है जबकि भाटापारा शाखा नहर की उपलब्धता क्षेत्र मे है और सभी बांधो मे वर्तमान मे सिंचाई लायक पानी देने की व्यवस्था बन चुकी है। सभी बांध आज तक 50 से 65 प्रतिशत तक भर चुके है जिससे शाखा नहर मे किसानो की जिंदगी बचाने व वर्ष भर की मेहनत बचाने शाखा नहर पर पानी छोड़ने की अविलंब कार्यवाही कांग्रेस सरकार द्वारा किया जाना चाहिये जिसकी मांग की जाती है।

# महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सेनानी सुनील तिवारी, कृष्ण कुमार साहू व वर्तमान में सेना में कार्यरत दीनू कुमार रजक विजय दिवस पर वक्ता के रूप में उपस्थित रहें।

संस्था प्रमुख प्राचार्य डा. श्रीमती विनोद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कारगिल युद्ध में शहीद नौजवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके अदम्य साहस की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक कृष्ण कुमार साहू, सुनील तिवारी एवं वर्तमान सैनिक दीनू कुमार रजक को देश की सेना में शामिल होकर भाटापारा अंचल को गौरवान्वित करने के लिये सम्मानित किया गया। विजय दिवस के अवसर पर सेनानियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. शशिकिरण कुजूर एवं दीपक कुमार यादव ने उक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय से वरिष्ठ प्राध्यापक डा. उमाकांत मिश्र, डा. अनिता सरीन, डा. पूर्णिमा साहू, जितेन्द्र यादव, डा. प्रीति सोनी, डा. विकास गुलहरे, राजेश द्विवेदी, डा. नवनीत द्विवेदी, श्रीमती रेखा कश्यप, सुश्री इंद्राणी मरकाम, डा. दीपिका त्रिपाठी, डा. सुमित पन्त, घनश्याम यादव व बेनु जायसवाल आदि ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# राहत की बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**भाटापारा।** आधा सावन बीत जाने के बाद खेती किसानी के कार्य को पिछडता देख चिंतित किसानो को आज हुई बारिश से राहत मिली है। बारिश के बाद किसानो के चेहरे खिल गये है व उम्मीद प्रकट किया जा रहा है कि खेती किसानी के काम मे अब तेजी आयेगी अभी तक अनेक खेतो मे रोपा व बियासी का कार्य नहीं हो पाया था वह कार्य अब तेजी से आगे बढेगा। आज बारिश के बाद जहां एक ओर खेत खलिहानो को पानी नसीब हो गया है वहीं शहर के अनेक इलाको मे जल भराव से गंदगी पसर गई है मंडी रोड़ स्थित सड़क के किनारे नालियों मे जाम की स्थिति से सड़क पर गंदे जल का बहाव लगातार हो रहा है वहीं कईहा तालाब रोड़ मे भी गंदे जल के जमाव से लोगों को आवाजाही मे तकलीफ का सामना करना पड़ा वहीं मंडी के समीप स्थित खण्डहर पडे बस स्टैड मे जगह जगह पानी भर जाने के कारण लोगों को मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है। जल जमाव की स्थिति शहर के कई स्थानो मे उत्पन्न हो गई है संकीर्ण मार्ग पर जल जमाव के कारण आने जाने वाले लोगों को मुसीबतो से दो चार होना पड़ रहा है इसी प्रकार के हालात शहर के अन्य हिस्सों मे भी बना हुआ है जय स्तंभ पुराना गंज के पास भी जल जमाव होने से लोगो को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है कुल मिलाकर एक ओर आज बारिश ने किसानो के मुरझाये चेहरे को खिला दिया है वहीं शहर मे सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है।

# रोका छेका अभियान फ्लाप



**भाटापारा।** शासन द्वारा चलाये जा रहे रोका छेका अभियान पूरी तरह फ्लाप हो गया है कई गांव में किसान अपने खेतों में मवेशी के प्रवेश से ज्यादा परेशान है। मवेशी खुलेआम खेतों में जा रहे हैं जिससे धान की पौधे को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है की एक ओर जहां शासन ने लाखों खर्च कर सभी ग्राम पंचायत में गोठान का निर्माण करवाया है मगर गांव के गोठान में भी अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है कहीं पानी, चारा , शेड, की व्यवस्था ना होने के कारण मवेशी वहां नहीं रह रहे हैं जिससे गांव के कृषक अव्यवस्था से परेशान है।

# यादें रफी का हुआ आयोजन

**भाटापारा।** 31 जुलाई को मो. रफी की याद मे यादे रफी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मे यादे रफी कार्यक्रम रखा गया जिसमे नगर के सभी उभरते एवं प्रतिभावान कलाकारों ने रफी के गाय हुये गीतो को गाकर रफी साहब को स्वरांजलि अर्पित की। जिसमे पालक संघ प्रमुख सोनू पटाक, हेमन्त उपाध्याय, नवीन केसरवानी, जहिर बांठिया, नरेंद्र उपाध्याय, लाखन ठाकुर, भोला कन्वरे, रवि कन्वरे, महेश रजक व मयंक उपाध्याय की सक्रिय भूमिका रही एवं मंच मे अतिथि के रूप मे रेणुका अभिनव यदु जिला पंचायत सदस्य, नंदकिशोर शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, अभिनव यदु, शकील खान, शरद खरे, प्रमेंद्र तिवारी व प्रमोद तिवारी रहे।

# मोपका महाविद्यालय में आजीविका मार्गदर्शन के तहत कार्यक्रम



**भाटापारा।** स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका में बुधवार को प्राचार्य डॉ अभिलाषा सैनी के निर्देशन में पौधारोपण एवं आजीविका मार्गदर्शन कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ के. के. घोष, डॉ एस. के. जाधव व डॉ के. के. साहू अतिथि के रूप में शामिल हुये। डॉ के. के. घोष के द्वारा छात्र-छात्राओं को शोध अभिविन्यास, नई शिक्षा नीति, कैरियर गाइडेंस आदि के बारे में बताया। डॉ एस. के. जाधव के द्वारा छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जामुन, करंज, नीम एवं आंवला के पौधें अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा पौधों को सुरक्षित रखने के लिए छात्र छात्राओं को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में प्रियंका पाटले, राजाराम धुर्वे, देवानंद बोरकर, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव, आकांक्षा वर्मा, थानेश्वरी, अन्नु, प्रीतम, खिलेश्वर, लखन, निलेश, लच्छन निषाद व लता आदि उपस्थित थे।

# दुनिया को महाविनाश से बचाने को रूस- यक्रेन युद्ध रोकना होगा



सबको अपने प्रयास करने चाहिए. डेढ़ साल से चल रहा ये युद्ध किसी भी समय परमाणु हमले की जद में आ सकता है.इस युद्ध में हिरोशिमा-नागासाकी के बाद फिर से मानवजाति के महाविनाश की कहानी लिखी जा सकती है. इसकी खास बात ये होगी कि इसबार महा विनाश हिरोशिमा नागासाकी से कई गुना भारी होगा, क्योंकि अब परमाणु बमों की क्षमता पहले से बहुत अधिक है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के शुरू होने पर लगा था कि लड़ाई इकतरफा है. रूस के सामने यूक्रेन नही टिक पाएगा, किंतु हुआ सोच के विपरीत.डेढ़ साल बाद भी यूक्रेन मजबूती के साथ रूस के सामने खड़ा है.सूचनांए आ रही हैं कि यूक्रेन अब बढ़त ही ओर है. यूकेन का रूस पर बढ़त लेना बहुत ही खतरनाक संकेत है. रूस अपने को परास्त होता देख अपने सम्मान और हनक की खातिर परमाणु शस्त्रों का प्रयोग करने से कभी नही चूकेगा. और यदि ऐसा हुआ तो मानव जाति का महाविनाश असंभावी है.

> रू स – यूक्रेन युद्ध से हो रहे और होने वाले मानव जाति को महाविनाश से बचाने के लिए अभी रशिया-अफ़रीका फ़ोरम प्रयास कर रहा है,आज जबकि इस युद्ध को रूकवाने में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका काकोई महत्व नही,ऐसे में इस युद्धको रूकवाने में पूरी दुनिया को आगे आना चाहिए।

रूस ने वर्ष 2014 में यूक्रेन का हिस्सा रहे क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था. इससे पहले भी रूस और यूक्रेन के बीच इस क्षेत्र को लेकर काफी तनाव बना हुआ था। ऐसा इसलिए क्योंकि सोवियत संघ ने इस क्रीमिया क्षेत्र को तोहफे के रूप में यूक्रेन को सौंपा था. साल 2015 में फ्रांस और जर्मनी मध्यस्थता करते हुए रूस और यूक्रेन में शांति समझौता करवाया . यूक्रेन और रूस में समझौते के बाद यूक्रेन पश्चिमी देशों से अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध अच्छे बनाने में जुट गया, यह रूस की मर्जी क विरूद्ध था. रूस नहीं चाहता था कि यूक्रेन के संबंध किसी भी पश्चिमी देश का अच्छे हों,यूक्रेन चाहता था कि वह नाटो देशों के समूह में शामिल हो . यूक्रेन रूस से सटा देश है.रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसके खिलाफ थे.वे नही चाहते थे कि नाटो की सेना की आमद उसकी सीमा तक हो जाए.यूक्रेन के न मानने पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध का निर्णय लेना पड़ा. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ही नही ,पूरी दुनिया मान रही थी कि रूस का मुकाबला यूक्रेन के लिए संभव नही,किंतु यूक्रेन भारी नुकसान के बाद भी युद्ध का मुकाबला करता रहा. शुरूआत में उसका कुछ भाग रूस के कब्जे में चला गया.रूस-यूक्रेन का सबसे ज्यादा असर यूक्रेन के आम लोगों पर पड़ रहा है. इसका कारण यह है कि युद्ध यूक्रेन की जमीन पर हो रहा है. इस युद्ध के चलते एक अनुमान के अनुसार यूक्रेन में 8000 से अधिक आम लोगों की मौत हो चुकी है. 80 लाख से अधिक लोगों ने यूक्रेन छोड़ दिया जबकि करीब 1.4 करोड़ लोगों को विस्थापित होना पड़ा.इस युद्ध में अब तक रूस के एक लाख 45 हजार से अधिक सैनिकों की मौत हो चुकी है, वहीं यूक्रेन को भी अपने एक लाख सैनिकों की जान से हाथ धोना पड़ा. युद्ध के चलते यूक्रेन में करीब 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है. यूक्रेन के 1100 से ज्यादा अस्पताल और 1,49,300 रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है. यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक, यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है. दूसरी तरफ रूस अब तक युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है. दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप मिलकर यूक्रेन की मदद के नाम पर युद्ध में 12,520 अरब रुपये झोंक चुके हैं. भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ पड़ा है. नाटो देश इस युद्ध में सीधे तो शामिल नही हुए किंतु उन्होंने यूक्रेन की सैन्य मदद कर रहे हैं.यूक्रेन का मोरल बढ़ाने को अमेरिका सहित कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने यूक्रेन का दौरा भी किया. यूक्रेन को युद्ध में प्रत्येक प्रकार की सैन्य सहायता का वायदा नही किया अपितु सैन्य अस्त्र- शस्त्रों की आपूर्ति बढ़ाई. इन्ही अस्त्र-शास्त्रों के बल पर यूक्रेन रूस के आगे टिका है।

**- साभार... अमर उजाला**

# नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा षड्यंत्र और सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत हो रही है

**हरियाणा के जिला नूंह में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़की साम्प्रदायिक हिंसा ने जो विकराल रूप लिया है वह भयावह एवं चिन्ताजनक तो है ही, यह सवाल भी छोड़ता है कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की ऐसी घटनाएं आखिर थम क्यों नहीं रही हैं? क्यों प्रशासन अराजक तत्वों के आगे इतना बेबस हो जाता है? क्यों चुनावों से पहले ही ऐसी अराजक एवं साम्प्रदायिक शक्ति यां सि य होकर देश की शांति एवं सौहार्द की स्थितियों को तार-तार करने लगती हैं? क्यों नफरती, घृणा एवं द्वेष के भड़काव भाषणों पर नियंत्रण का बांध नहीं बांधा जाता? क्यों बार-बार सुप्रीम कोर्ट से इस तरह की हिंसा, आगजनी एवं साम्प्रदायिकता के खिलाफ गुहार लगानी पड़ती है? अगर हर बार हिंसा रोकने के लिये गुहार न्यायपालिका से करनी पड़े, तो विधायिका एवं कार्यपालिका की सार्थकता कितनी रह जाती है? इन प्रश्नों के अलावा मूल प्रश्न है कि आखिर नूंह की घटना ने समूचे हरियाणा को हिंसा की आग में क्यों और किस तरह झोंक दिया और इसका जिम्मेदार कौन है?**





> नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक जीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है। प्रमुख रूप से गलती राजनेताओं और सरकार की है। कहीं, क्या कोई अनुशासन या नियंत्रण है? निरंतर साम्प्रदायिकता का दावानल फटता रहता है।

नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा एक षड्यंत्र एवं सुनियोजित साजिश थी। इस हिंसा के मामले में आवश्यकता इसकी भी है कि उसके पीछे के कारणों की तह तक जाया जाए, क्योंकि इतनी भीषण हिंसा बिना किसी सुनियोजित साजिश के नहीं हो सकती। नूंह में भयावह साम्प्रदायिक उन्माद एवं हिंसा में जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाया गया, बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट हुई, तभी इसके प्रतिक्रियास्वरूप अन्य इलाकों में हिंसा हुई, जिससे बचा जा सकता था। एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं मीडिया की सक्रिय भूमिका है। इन पर नियंत्रण के लिये जरूरत सख्त कदम उठाने की हैं। नूंह हो या दिल्ली, किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं है। हम आज एक अराजक एवं उन्मादी तत्व को बचायेंगे तो कल ऐसे दस पैदा हो जायेंगे। इसके लिये उत्तर प्रदेश का योगी मॉडल ही कारगर है।

साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसा की हर घटना के बाद एहतियाती उपाय भी खूब होते हैं लेकिन इस अहम सवाल का जवाब हमेशा बहुत पीछे छूट जाता है कि आखिर दंगों की ऐसी आग, आए दिन देश के अलग-अलग हिस्सों को क्यों झुलसाने लगी है? दूसरा सवाल यह भी कि ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा के लिए दोषी किसे ठहराया जाए? नूंह के मामले को भी बारीकी से समझा जाए तो लगता है कि प्रशासन और पुलिस ने इस धार्मिक जुलूस को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही बयानबाजी को गंभीरता से नहीं लिया। संवेदनशील इलाकों में धार्मिक जुलूस की अनुमति देने से पहले जो पड़ताल की जानी चाहिए वह आखिर क्यों नहीं की गई? नूंह ही नहीं, बल्कि ऐसे सभी मामलों में सरकार में बैठे लोगों को इन सवालों के जवाब गंभीरता से तलाशने होंगे। एक बात और, ऐसे दंगों के बाद राजनेताओं और धर्म के ठेकेदारों के बयानों पर भी नजर रखनी होगी जो बेवजह समुदायों को उकसाने का काम करते हैं। हेट-स्पीच का बढ़ता प्रचलन ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा को भड़काने का मूल कारण है। न जाने कितने नफरती भाषण ऐसे रहे, जिनमें किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। नूंह की हिंसा के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भड़काऊ भाषण दोनों पक्षों की ओर से दिए गए। स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि नफरती तत्वों को जरूरी सबक मिले। कई बार तो घोर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहना दिया जाता है। भड़काऊ भाषणों पर कार्रवाई के मामले में दोहरे मानदंड समस्या को बढ़ाने वाले ही सिद्ध हो रहे हैं। यह जो साबित करने की कोशिश हो रही है कि ऐसे भाषण केवल किसी एक विशेष समूह या विचारधारा से जुड़े लोग ही दे रहे हैं, वह एक शरारती एजेंडा है और उसे बेनकाब करने की आवश्यकता है। क्योंकि हिंसा करने वाले दोषी लोगों से ध्यान हटाने यह एक जरिया है। देश में दंगों की आग कब और कहां भड़क जाए, यह कोई नहीं जानता। खास तौर पर धार्मिक जुलूस निकालने को लेकर छिड़ा कोई विवाद जब साम्प्रदायिक तनाव में बदल जाए तो फिर हिंसा की आग बेकाबू होते देर नहीं लगती। यह सवाल इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ऐसी घटनाओं में हर बार जान-माल का भारी नुकसान सरकारी दस्तावेज में सिर्फ आंकड़ा बन कर ही रह जाता है। नूंह के दंगों की आग ने जो विकराल रूप लिया, उसके चलते वहां कर्फ्यू लगाने की नौबत आ गई है। हरियाणा के छह जिलों में निषेधाज्ञा लगाने के साथ-साथ हरियाणा से सटे राजस्थान के भरतपुर में भी अलर्ट जारी करना पड़ा है। नूंह दंगों की आंच गुरुग्राम तक जा पहुंची है जहां एक धार्मिक स्थल को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया जिसमें एक जने की मौत हो गई, मौतें तो और भी हुई हैं।

सब जानते हैं कि वोट बैंक पर कब्जा करने की राजनीति भी दंगों के पीछे छिपे कारणों में से एक रहती है। धर्म के नाम पर उन्माद से फायदा उठाने की चाह रखने वाले लोग ऐसे दंगों की आंच में भी अपनी सियासी रोटियां सेंकने से बाज नहीं आते हैं। दंगे भड़कने और हालात तनावपूर्ण हो जाने के बाद दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताने और शांति की अपील करने मात्र से कुछ नहीं होने वाला। सरकारों को सख्त कदम उठाने ही होंगे। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक जीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है। प्रमुख रूप से गलती राजनेताओं और सरकार की है। कहीं, क्या कोई अनुशासन या नियंत्रण है? निरंतर साम्प्रदायिकता का दावानल फटता रहता है। कोई जिम्मेदारी नहीं लेता- कोई दंड नहीं पाता। राजनीति संकीर्ण एवं सम्प्रदायीकरण, इसी का चरम बिन्दु है। अपराधी केवल वे ही नहीं जिनके दिलों में सम्प्रदायिक संकीर्णता का जहर घुला है।

– ललित गर्ग

# शिवरतन ने पटपर में बनने वाले सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखो मे धूल झोंककर उनके अधिकारो का हनन किया है। केन्द्र की अनेक योजनाओं को प्रदेश की जनता तक न पहुंचाकर भूपेश सरकार ने जनता को सुविधाओं से वंचित कर दिया है। उक्ताशय के विचार विधायक शिवरतन शर्मा ने लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर मे आयोजित मिनी माता कालोनी एवं बघेल नगर मे 13 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड़ भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये। शिवरतन ने आगे कहा कि भाटापारा शहर की जनता के लिये भी शासन व स्थानीय पालिका प्रशासन का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। शहर व क्षेत्र मे एक भी उल्लेखनीय काम राज्य शासन द्वारा नही कराये गये है। शहर मे दिख रहे जो भी



विकास कार्य है यह भाजपा शासन काल मे कराये गये विकास कार्य है। भूपेश सरकार केवल चौक चौराहो पर होर्डिंग्स व विज्ञापन के बोर्ड लगाने मे मस्त है। कांग्रेस की फित्तरत व धोखा एक दूसरे के पूरक है कांग्रेस शासन काल मे घोषणा पत्र का क्रियान्वयन व वादे सभी अधूरे पडे हुये है। उक्त कार्यक्रम मे राकेश तिवारी, गोपाल देवांगन, योगेश अनंत, कुंजराम कोशले, अनिल चेलक, सतीश तलरेजा, कैलाश प्रजापति, प्रमोद गायकवाड़, रूप सिंग कोशले, देवनारायण बांधे, विनोद गायकवाड़ मुकेश चतुर्वेदी, रोहित दिवाकर, राजेश्वर काले, अमिताभ टंडन, आनंद कुर्रे, आशीष जायसवाल, देवेन्द्र साहू, चंन्द्रप्रकाश साहू, मनीराम साहू, खगेन्द्र यादव, दिलीप यादव, श्रवण साहू व चेतन साहू सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।

# सुशील शर्मा ने शिवरतन शर्मा पर पलटवार किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा पर पलटवार करते हुये कहा है कि वे क्षेत्र की जनता को झूठ बोलकर गुमराह कर रहे है और अपनी असफलता को छिपाने के लिये जनता जनार्दन की आंख मे धूल झोंक रहे है। 15 वर्ष के भाजपा शासन काल मे भाटापारा क्षेत्र मे एक भी विकास कार्य नहीं कराये गये और तो और प्रस्तावित जिला मुख्यालय भी शिवरतन के कारण हीं भाटापारा से दूर चला गया शिवरतन शर्मा द्वारा कांग्रेस की विकासशील सरकार पर आरोप लगाने के पहले यह देखना चाहिये कि उन्होने आखिर भाटापारा क्षेत्र के विकास के लिये किया क्या है। शिवलाल मेहता



स्कूल व लोकोत्सव मैदान का डिस्मेंटल करवाकर वहां पर न तो हास्पिटल भवन बनवा पाये और न ही ऑडिटोरियम और तो और माता देवालय का खेल मैदान भी अधूरा पड़ा है जिस सांसद से उन्होने हडबडी मे रेल्वे अंडरब्रिज का लोकार्पण कराते हुये कहा था कि हटरी बाजार अंडरब्रिज का अधूरा कार्य छह महिने मे पूर्ण कर लिया जायेगा वह कार्य भी दो वर्ष से जहां का तंहा अधूरा पड़ा है ऐसे मे उनके मुंह से कांग्रेस व भूपेश सरकार पर आरोप लगाना शोभा नहीं देता।

मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आगे कहा कि शिवरतन शर्मा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढिया किसान, मजदूर, युवाओं व महिलाओं के हित मे किये जा रहे विकास कार्यों से विचलित होने लगे है और आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी कमजोर होती स्थिति से घबराकर अनाप शनाप ब्यानबाजी कर नगर की जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 36 घोषणा की थी लेकिन अब प्रदेश में 51 जनकल्याणकारी घोषणाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है जिससे क्षेत्र कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है।

# सतीश ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दतरेंगी, मोपर व गुर्रा मे निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने सघन दौरा करते हुये छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि जब से छत्तीसगढ़ मे भूपेश बघेल की सरकार बैठी है तब से छत्तीसगढ की संस्कृति पर्व त्यौहार व खेल को नई पहचान मिली है। उक्त आयोजन मे गेडी दौड भौंरा चालन, कबडडी पिट्ठूल सहित 16 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन के दौरान भुवन सिंह ठाकुर, कलीराम ध्रुव, हेमंत साहू उपसरपंच, सहदेव साहू, गुलशन साहू,




खिलावन साहू, सत्री साहू, रामचरण साहू, टेकराम साहू, कलीराम ध्रुव, पुनीत जायसवाल, गोवेर्धन ध्रुव, धनीराम ध्रुव, गौरी शंकर जायसवाल, परदेशी ध्रुव, गोवेर्धन सिंह ध्रुव, विनोद बंजारे, रामावतार साहू, गोपी निषाद, गेंदराम ध्रुव, रामखिलावन चतुर्वेदी, टीकमदास मानिकपुरी, हुलास राम साहू सरपंच, द्वारिका यादव, हरप्रसाद वर्मा, विजय वर्मा, दीपक साहू, संदीप साहू, शिव गोविन्द जायसवाल, प्रसाद जायसवाल, राहुल मानिकपुरी, तुलसी साहू, नंदनी बाई यादव, तुलसी साहू, रेवती साहू, पार्वती यादव व केदार मिश्रा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भाटापारा में तबादला का दौर शुरू



**भाटापारा।** प्रशासन द्वारा भाटापारा के विभिन्न प्रशासनिक क्षेत्र मे फेरबदल किया गया है जिसके तहत स्थानीय तहसीलदार राममूर्ति दीवान का तबादला रायपुर जिला किया गया है वहीं नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत कावेरी मुखर्जी को स्थानांतरण पर कबीरधाम जिला भेजा गया है तथा निपनिया उप तहसील मे पदस्थ नायब तहसीलदार डिंपल ध्रुव को भी कवर्धा जिला भेजा गया है इस तरह राजस्व प्रशासन मे व्यापक पैमाने पर फेरबदल किया गया है। वहीं यातायात शाखा मे पदस्थ मनोहर सिंग कंवर को दुर्ग जिला स्थानांतरित किया गया है।

## सुरेन्द्र राजपूत का स्वर्गवास



**भाटापारा।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी व सेवानिवृत्त मंडी उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह राजपूत का निधन हो गया उनकी उम्र 65 वर्ष थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## सेवादल का ध्वज वंदन संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय जयस्तंभ चौक मे कांग्रेस सेवादल द्वारा मासिक ध्वजवंदन किया गया जिसमे महेन्द्र साहू, निर्मला कोशले, अंजलि भारती, भुवन सिंग ठाकुर, मंगल सिंग ठाकुर, ज्योति जांगडे, कुमारी सेन, प्रमिला साहू, दीपक जांगडे, ईश्वर सेन, गुडडा मानिकपुरी, घनश्याम साहू, दिनेश साहू, पीलाराम सेन, हरी देवांगन, केजूराम देवांगन, शेख गुलाम, रामप्रसाद गर्ग, सतीश गेण्डरे, उदय साहू, तरूण साहू, संतोष यादव व लोकेश यादव सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम अरूण ताम्रकार के निर्देश पर किया गया।

## जालियावाला की स्मृति में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरण

**भाटापारा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहम हाजी याकुब जालियावाला की स्मृति मे उनके पुत्र मोहम्मद यासिन जालियावाला द्वारा मानव उत्थान सेवा समिति के मार्गदर्शन मे महक दाल मिल परिसर मे डोनेशन बाक्स की स्थापना कर




वहां जरूरतमंद गरीब बच्चों के लिये दो सौ नग स्टेशनरी सामग्री प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया

# गले की खराश एवं आंख रोग के मरीज बढ़े मेडिकल स्टोर में दवाईयों व इंजेक्शन की अप्रत्याशित बिक्री बढ़ी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रो मे इन दिनो निजी एवं शासकीय हास्पिटल मे वर्षा ऋतु काल से अक्सर उत्पन्न होने वाले रोग पीडित मरीजो की संख्या अचानक बढ़ गई है। नगर के अनेक निजी चिकित्सालय एवं शासकीय हास्पिटल मे डायरिया एवं अन्य जल जनित बिमारियों के पीडित मरीजों का उपचार चल रहा है ज्यादातर मरीज सर्दी, गले खांसी, डायरिया एवं आंख से संबंधित रोगों का उपचार कराने बडी तादाद मे पहुंच रहे है। फलस्वरूप मेडिकल स्टोर मे बिकने वाली



दवाईयों की खपत व बिक्री मे अप्रत्याशित तेजी आई है। ग्रामीण क्षेत्र व शहर के अनेक वार्डो मे डायरिया पीडित मरीज ज्यादातर पाये गये है वहीं कुछ वार्डो मे सर्दी, गले खांसी व पेट संबंधी रोगो के मरीज बडी संख्या मे उपचार के लिये निजी हास्पिटल एवं शासकीय हास्पिटल के साथ साथ रायपुर बिलासपुर भिलाई की ओर जा रहे है शहर मे मौसम परिवर्तन व आर्द्रता की वजह से अनेक मरीज आंख से आंख मिलाने की वजह से फैलने वाली कंजाक्टिविटिस संक्रामक बिमारी से पीडित पाये गये है यह बिमारी शहर सहित देहात मे तेजी से पांव पसार रहीं है उक्त आंख की बिमारी है आंख मे दर्द होने की शिकायत रहती है इसके लिये डाक्टरो ने संक्रामक बिमारी से बचने कलर चश्मा धारण करने एवं आंख बिमारी के दौरान घर मे हीं विश्राम करने की सलाह दी है

आंख बिमारी के ज्यादातर प्रकरण रेल व बस मे सफर करने वाले पीडित व्यक्तियों के फैलाव से फैल सकता है ऐसी सूरत मे सोशल डिस्टेसिंग नियमो का पालन करते हुये सावधानी बरतने की नितांत आवश्यकता है। शहर मे डायरिया व पेट रोग गले की खराश, सर्दी, खांसी रोग के बढते मरीज पर निजी चिकित्सक डॉ.विकास आडिल का कहना है कि वर्षा ऋतु काल मे दूषित जल एवं वायु परिवर्तन के कारण उक्त तमाम प्रकार की बिमारियों का फैलाव होता है जिसके कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र से ज्यादातर मरीज डायरिया, पेट दर्द, सर्दी खांसी व गले के रोग से संबंधित आ रहे है इसके लिये उपचार के साथ साथ सावधनी बहुत जरूरी है लोगों को बाहरी खान पान से बचना चाहिये साथ हीं उबला हुआ गर्म पानी व ताजा भोजन हमेशा खाने के प्रति सचेत रहकर ग्रहण करना चाहिये ताकि मौसमी बिमारी से बचा जा सके।

## पुरूषोत्तम मास के धार्मिक आयोजन में लोग भक्ति रस में डूबे



**भाटापारा।** शिव मंदिर प्रांगण मारवाड़ी कुंआ मे पुरूषोत्तम मास महोत्सव मे हजारो भक्त भक्ति से सराबोर होकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आनंद ले रहे है। उक्त धार्मिक आयोजन मे नित्य नये धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे है। कार्यक्रम मे श्याम मित्र मंडल सत्यनारायण मंदिर सत्संग मंडली, के टीनू शर्मा नागपुर के कमलेश पांडे, बल्लू, बेबी अमिशी, आशी उपाध्याय, सुचिता तिवारी, राहुल, अभिषेक, मनोज शर्मा, निखिल शर्मा, नेहा पांडे, सोनू सिंघानिया सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये है। उक्त आयोजन मे लच्छू काका, महेन्द्र चौबे, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नरेश चौबे, हरगोपाल शर्मा, महेश शर्मा, गोविंद मुंधडा, राजेश झंवर, तंजीव अरोरा, गिरधर व्यास, हरीश शर्मा, गौरव शर्मा, कान्हा शर्मा, संजू शर्मा, सत्तू जोशी, पलाश शर्मा, नरेश अग्रवाल, नरेश शर्मा, तरूण मुंधड़ा व मोहन केशरवानी सहित अन्य लोग कार्यक्रम को सफल बनाने मे जुटे हुये है।

## चौतराम शामिल हुये सामुहिक विवाह में



**भाटापारा।** क्षेत्र के पूर्व विधायक चौतराम साहू ग्राम केशला मे आयोजित सामूहिक विवाह मे शामिल हुये। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री कन्या विवाह की राशि 25 हजार से बढाकर 50 हजार किये जाने के निर्णय का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम मे उनके साथ बहोरन छेदईहा, कामता नेताम, दुखवा मरावी, पीलूराम मरई व दशरथ छेदईहा सहित अन्य लोग शामिल हुये।

## राशन कार्ड का सत्यापन अब 31 अगस्त तक होगा




**भाटापारा।** वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत राशन कार्डधारी हितग्राहियों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने की प्रक्रिया को 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त तक विस्तारित किया गया है। इस दौरान तमाम राशनकार्ड धारी अब आगामी 31 अगस्त तक अपना राशन कार्ड अपग्रेड करा सकते है। राशन कार्ड के सभी सदस्यो के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। उक्त संदर्भ मे ई-केवाईसी करने का कार्य राशन दुकान संचालकों द्वारा किया जा रहा है। राशन दुकान मे उपलब्ध ई-पास उपकरण के जरिये ई-केवाईसी का कार्य निरूशुल्क रूप से राशन दुकानदार करेंगे उक्त राशन दुकानदार संबंधित राशनकार्ड धारी एवं मुखिया तथा राशन कार्ड मे दर्ज सभी सदस्यो का आधार नंबर के साथ ई-केवाईसी पृथक पृथक प्रविष्टि के आधार पर प्रत्येक सदस्यों का फिंगर प्रिंट स्केन कराकर संपूर्ण राशन कार्ड को अपडेट करेंगे। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी राशनकार्ड धारी निर्धारित अवधि मे अपना राशन कार्ड आधार कार्ड लेकर सभी सदस्यों के साथ ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करा लेंवे शासन ने यह भी कहा है कि इस प्रक्रिया के दौरान खाद्यन्न वितरण पूर्व की भांति जारी रहेगा।

## सूमा भांठा में अपशिष्ट दवाईयों के सेवन से 10 पशुओं की मौत



**भाटापारा।** शहर से चार किलोमीटर दूर ग्राम सूमा भांठा मे विभिन्न दवाईयों व कीटनाशक के अपशिष्ट एवं कालातीत दवाईयां फेंक दिये जाने के बाद उस अपशिष्ट पदार्थो को खाकर 10 पशुओं की मौत की घटना सामने आई है। उक्त घटना पर एसडीएम नरेन्द्र बंजारा ने संज्ञान लेते हुये पशु चिकित्सक को उपरोक्त घटना के संदर्भ मे जांच के आदेश दिये गये है। सूमा भांठा मे कालातीत अपशिष्ट पदार्थ किसने फेंका है इस बात की भी जांच जारी है।

## महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण




भाटापारा। स्थानीय शासकीय गजानंद महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले मेरी मिटटी मेरा देश अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। जिसमे पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता पार्षद भुलुराम कुर्रे, रोशन हबलानी, मोहन केशरवानी, सुनील गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, शहनाज अख्तर, पूर्व सैनिक नारायण साहू, नंदकिशोर अग्रवाल, रविन्द्र जैन, वैभव केशरवानी, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा व शरद पंसारी सहित महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## मंडी में खाली पड़ी दुकानों की नीलामी की गई



**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी समिति द्वारा भाटापारा मंडी प्रांगण मे स्थित चार नग सैण्डरी शाप जो कि दुकान क्रमांक चार, पांच, छह एवं सात जो कि आरक्षित था उक्त दुकान की दो बार नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई लेकिन उक्त वर्ग से दुकान लेने कोई सामने नही आया फलस्वरूप मंडी अधिनियम की नीलामी शार्ट क्रमांक 8 के अनुसार यदि दो बार नीलामी प्रक्रिया मे आरक्षित वर्ग के लोग शामिल नहीं होते है तो नियम के अनुसार उसे अनारक्षित वर्ग को नीलामी प्रक्रिया मे देने का प्रावधान है। उक्त नीलामी की कार्यवाही मे मंडी बोर्ड के सहायक संचालक पन्ना लाल, सचिव शत्रुहन वर्मा एवं मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा सहित अन्य लोगों की उपस्थिति मे नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमे दुकान क्रमांक चार के लिये सर्वाधिक बोली आने के कारण हीरालाल साहू दुकान क्रमांक पांच के लिये जागेश्वर साहू, दुकान क्रमांक छह के लिये नागेश्वर जोशी तथा दुकान क्रमांक सात को रामजीवन सेन के द्वारा सर्वोच्च बोली बोलकर क्रय किया गया। उक्त सभी लोगों को मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पांच नग दुकान की रजिस्ट्री कराकर सर्वोच्च बोली बोलने वाले लोगों को दुकानें सुपुर्द किया गया।

# खो-खो कबडडी चयन ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खो-खो, कबड्डी का चयन ट्रायल प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में सम्पन्न हुआ। उक्त चयन ट्रायल में शहर के विभिन्न स्कूलों जिसमे पंचम दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामसागरपारा, लायंस कान्वेंट के अलावा विकासखंड के विभिन्न ग्राम से शासकीय पूर्व शाला लेवाई, खैरी, कोटमी, कोनी, सिंगारपुर, देवरी, कोसमंदा, पाटन व बोरसी ध आदि स्कूलों से लगभग 200 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों का चयन तीन 14, 17, 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिये किया गया चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित प्रतिभागियों को बीईओ राम जी पाल, प्राचार्य सुधांशु मिश्रा ने शुभकामनायें दी है। चयन ट्रायल को सम्पन्न कराने में व्यायाम शिक्षक आलोक गुप्ता, उमा प्रसाद राठौड़, चंद्रकांत बागड़े, परिचय मिश्रा, सोन चंद ध्रुव, मूरित ध्रुव, फिरोज टंडन, निर्मल जांगड़े, शरद पंसारी एवं सीनियर खिलाड़ियों एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।



# सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** खूबचंद बघेल की स्मृति मे तहसील कार्यालय के पास बने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का शिवरतन शर्मा ने लोकार्पण किया। उक्त अवसर पर उन्होने उपस्थित सामाजिकजनो को संबोधित करते हुये कहा कि समाज में सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है। समाज में सामाजिक समरसता आती है समाज वह है जो सबको साथ लेकर चलें, इससे सबके कल्याण का रास्ता निकालता है। विधायक शर्मा ने आगे कहा कि आज लोग नशे की गिरफ्त में जा रहे है। नशा समाजिक बुराई है वो किसी सरकार के भरोसे दूर नही किया जा सकता इसे समाज ही सुधार सकता है। वही धर्मांतरण के विषय मे भी उन्होंने कहा कि समाज के लोग भटक कर धर्मान्तरण की ओर जा रहे है जिन्हें छोड़ने के बजाये उन्हें मुख्य धारा में लाकर समाज मे जोड़ने का प्रयास करना चाहिये। क्योंकि मनवा कुर्मी समाज का इतिहास काफी गौरव शाली रहा है समाज का अपना विशिष्ट पहचान व स्थान है।

इस समाज से ही उन्नत कृषक है और आजादी के बाद छत्तीसगढ़ राज्य का सपना किसी ने देखा था तो वो डॉ.खूबचन्द बघेल ही थे जिन्होंने अलग राज्य के लिये लगातार संघर्ष किया। हरिराम वर्मा ने अर्जुनी के समाजिक भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की जिस पर विधायक ने आश्वासन देते हुये पूरा करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम मे केके नायक, चोवराम वर्मा, हरिराम वर्मा, सन्तोष वर्मा, विद्या वर्मा, दीपक टिकरिहा, जितेंद्र नायक, प्रशांत वर्मा, सेवाराम वर्मा, रमेश वर्मा, आर के वर्मा, हेमलाल वर्मा, तेजराम वर्मा, संदीप परगनिहा, गजाधर वर्मा, पवन वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, विरेन्द्र मानसरोवर, के पी वर्मा व भूपेंद्र वर्मा सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

# पुरूषोत्तम मास में विविध आयोजन हो रहे हैं



**भाटापारा।** नगर मे मारवाड़ी कुंआ के पास स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे पुरूषोत्तम मास महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमे विविध कार्यक्रम रोजाना हो रहे है। यहां पर आर्कषक झांकी के साथ दूर दराज से आये भजन गायक व सत्संग का प्रवचन चल रहा है जिसमे हजारो की तादाद मे भक्त हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम मे गोविंद मुंधड़ा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संजय शर्मा, कान्हा शर्मा, गौरव शर्मा, लच्छू, मोहन केशरवानी, मोतीलाल केशरवानी, हरगोपाल शर्मा, राजेन्द्र जोशी, नरेश चौबे, कैलाश बावला, शिव शर्मा, महेश शर्मा, नरेश शर्मा, महेश चौबे, राजेश झंवर, राजेश अग्रवाल, सतू जोशी, श्याम शर्मा, गिरधर व्यास, हरीश शर्मा सहित सैकडो श्रद्धालुभक्त कार्यक्रम मे अलग अलग प्रस्तुति दे रहे है। इसी प्रकार के आयोजन नेहरू वार्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर के शिव मंदिर मे भी महिला मंडली द्वारा किया जा रहा है। जहां पर प्रतिदिन विविध आयोजन हो रहे है जिसमे सरोज व्यास तारा शर्मा, सहित सैकडो महिलायें पूर्ण भक्ति भाव से पुरूषोत्तम मास महोत्सव मे हिस्सा ले रहे है।

## शिव सैनिकों ने अखाड़ा प्रदर्शन किया



**भाटापारा।** सावन सोमवार के अवसर पर शिव सैनिकों ने जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन यदु के नेतृत्व में नगर के हटरी बाजार स्थित 1990 में शिवसेना द्वारा स्थापित त्रिशूल की पुजा पश्चात हर हर महादेव के जयकारों से अखाड़ा प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन यदु, रामू यादव, अरुण कुमार, तिवारी सांवरा, मंगल यादव व योगेश्वर वैष्णव सहित सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित थे।

## डीएव्ही स्कूल में बच्चों का हुआ आई टेस्ट



**भाटापारा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल टिकुलिया में वर्तमान समय में फैले हुये आई फ्लू को मद्देनजर रखते हुये मेडिकल टीम जिनमे डॉक्टर हैंस ब्लॉक्स, नितिन डहरिया व किस्मत गुलेरी द्वारा समस्त विद्यार्थियों का आंखों की जांच की गई। साथ ही जिन विद्यार्थियों को थोड़ी बहुत समस्याये हो रही थी उन्हें आई ड्रॉप भी दिया गया और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिये उचित सलाह भी दी गई और उन्हें आई फ्लू से बचने का उपाय भी बताया गया।

## दीपक राय हुये सेवानिवृत्त




**भाटापारा।** स्थानीय विद्युत मंडल मे अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ दीपक राय सोमवार को 62 वर्ष पूर्ण करने के बाद सेवा से निवृत्त हुये इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बडी संख्या मे विद्युत विभाग के स्टाफ के लोग उपस्थित थे। दीपक राय के सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा व मॉर्निंग वॉक समिति के तमाम सदस्य सहित सुरेश सिन्हा ने उन्हे उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बिदाई दी है। विद्युत विभाग ने उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## बेपटरी हुई मालगाड़ी से यातायात प्रभावित अनेक यात्री ट्रेनें भाटापारा में खड़ी रहीं



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मुख्य मार्ग हावड़ा-मुंबई रूट के अकलतरा रेल्वे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के आठ बोगी पटरी से उतर गये जिसके कारण यातायात बाधित हुआ इस हादसे का असर विभिन्न रेल यात्री ट्रेनो पर पड़ा अनेक यात्री ट्रेनो को घंटो भाटापारा मे रोककर आगे के लिये रवाना किया गया।

# केसला में 11 जोड़ों का सामुहिक विवाह संपन्न हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केसला मे आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के कार्यक्रम मे आदिवासी समाज द्वारा 11 जोड़ो का विवाह संपन्ना कराया गया। नवविवाहित वर वधु को नवदांपत्य जीवन मे प्रवेश की बधाई देने के लिये उपरोक्त अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल उपस्थित थे। इस दौरान समस्त 11 जोड़ो को अनुदान चेक व दांपत्य जीवन की सामाग्री का वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से अपव्यय पर अंकुश लगाया जा सकता है उन्होने सामुहिक आदर्श विवाह को प्रोत्साहित किये जाने की बात पर बल दिया। उक्त कार्यक्रम मे मांवली महासभा अध्यक्ष बंशीलाल नेताम, रामसिंग ध्रुव, जगमोहन मंडावी, बालाराम मरकाम, दौलतराम कुंजाम, मुरित ध्रुव, गौकरण छेदईहा, विष्णु मरावी, बहोरन ध्रुव, बैरागी मरकाम, लाकेश्वर नेताम, बलीराम ध्रुव, हीराराम मरावी, धरमदास कन्हैया वर्मा, केदार मिश्रा, कुबेर यदू, रमाशंकर पटेल व रघुनाथ पटेल सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

## डिग्गी गांव में आवास योजना का लाभ पात्र लोगों को नहीं

**भाटापारा।** जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत स्थित ग्राम डिग्गी मे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं दिये जाने का आरोप आत्माराम घितोड़े सहित कुछ अन्य लोगों ने लगाया है। घितोड़े ने यह भी कहा है कि आवास योजना मे जो लोग पात्र है उन लोगों को उक्त योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि कई अपात्र लोगों को उक्त योजना का लाभ दिया जा रहा है सर्वे मे भी मनमानी करते हुये खास लोगों को उपकृत कर दिया गया है घितोड़े का कहना है कि गांव के कई गरीब ऐसे है जो अपना मकान नहीं बना सक रहे है उन्हे आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि जिनके पास गांव मे स्वयं का मकान है उन लोगो को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है उक्त पीडित ने इस दिशा मे कार्यवाही की मांग की है।

## कराटे संघ का ग्रेडिंग एक्जाम संपन्न



भाटापारा। जिला कराते संघ एवं मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा प्रशिक्षित कराटे खिलाडियों का बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा लिया गया। जिसमे अमल तालुकदार ने कराटे सीख रहे खिलाडियों को पहले वार्म अप कराया साथ हीं युवतियों को अपने आप की सुरक्षा कैसे करें इस विधा से अवगत कराया गया। कार्यक्रम मे ऋषभ सिंग चौहान, अरूण छाबड़ा, आलोक गुप्ता, विवेक ठाकुर, सुनील तिवारी, कपिल दास, नेमीचंद साहू, विक्रम ठाकुर, महेश राजपूत, योगेश कुर्रे, प्रतीक द्विवेदी, सुब्बू मानिकपुरी, धनंजय पांडे व गौरव साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे महाविद्यालय प्राचार्य विनोद शर्मा का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# थोक सब्जी बाजार खपराडीह सुरखी बाईपास के पास प्रारंभ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** थोक सब्जी व्यवसायियों द्वारा अपने स्वयं के खर्चे पर निर्मित थोक सब्जी का कारोबार शहर से लगे ग्राम खपराडीह के खार व सुरखी बाईपास के नजदीक सोमवार से प्रारंभ होगा। थोक सब्जी मंडी एसोसिएशन के गोविंद पटेल ने बताया कि तमाम थोक सब्जी व्यवसायी 23 जुलाई से नये परिसर पर अपना कारोबार प्रारंभ कर देंगे। पटेल ने यह भी कहा है कि यदि शासन प्रशासन की ओर से उन्हे किसी भी स्थान पर सर्वसुविधा युक्त नई मंडी निर्माण कर दिया जाता है तो वे वहां पर भी जाने को तैयार है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री सम्मेलन का प्रसारण हुआ



**भाटापारा।** कृषि विज्ञान केन्द्र मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसान सम्मान सम्मेलन का सीधा प्रसारण व उदबोधन कार्यक्रम का प्रसारण देखने बडी संख्या मे लोग उपस्थित हुये। देश के करोडो किसानो को करीब 18 हजार करोड रूपये की राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी गई है। उक्त कार्यक्रम मे डॉ. अंगद सिंग राजपूत, डॉ.सविता राजपूत, दीपमाला लकड़ा, सागर पांडे, साक्षी बजाज, दीपकला ठाकुर व प्रदीप कश्यप सहित विभिन्न गांव के 100 से अधिक किसान शामिल हुये। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे डॉ.एचएल सोनबोईर उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे अश्वनी शर्मा, आशीष जायसवाल भी मौजूद थे।

## अमरकंटक जाने के लिये शिव भक्तों को सतीश ने रवाना किया



**भाटापारा।** निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने लगभग 80 से अधिक शिव भक्त कांवरियो को नर्मदा नदी के उदगम स्थल अमरकंटक जाने के लिये एक कार्यक्रम मे शामिल होकर रवाना किया। उक्त कांवरियो मे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोग थे जिसमे कोदवा, बंजर व लमती गांव के शिव भक्त शामिल है।

## मानस महिला समूह द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया



**भाटापारा।** स्थानीय गांधी मंदिर वार्ड स्थित मानस भवन मे एकादशी महिला समूह द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे रामचरित मानस का नियमित पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ, विभिन्न धार्मिक भजन प्रस्तुत किया गया। महिलाओं द्वारा रामलला का जन्मोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम मे प्रतिदिन प्रसाद वितरण विभिन्न धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा किया जा रहा है साथ हीं संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने मे ममता दीवान सहित अन्य महिलायें शामिल है।

## शिक्षक को दी गई बिदाई




**भाटापारा।** ग्राम मोपका के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे संकुल केन्द्र मोपका के शाला में पदस्त शिक्षक सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन जिसमे व्याख्याता एल एस नेताम व पी पी शर्मा का विदाई समारोह में मुख्य अतिथि एम एस कश्यप प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, कार्यक्रम की अध्यक्षता आर एन बया प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका के द्वारा किया गया। जिसमे श्रीफल व शॉल से सेवानिवृत शिक्षको का सम्मान किया गया। जिसमे शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकायें व छात्र संघ अध्यक्ष गुलशन वर्मा, राहुल साहू व मनीष पाटकर उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव में जनता का मूड तय करेगा नेताओं का भविष्य

# भूपेश बघेल की घोषणा के बावजूद भाटापारा जिला नहीं बन पाया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अविभाजित रायपुर जिला मे रायपुर के बाद भाटापारा शहर सबसे बडी आबादी वाला नगर रहा है इस नगर को पृथक राजस्व जिला का दर्जा देने की मांग अविभाजित मध्यप्रदेश से जारी है भाटापारा छत्तीसगढ व अन्य राज्यों के महत्वपूर्ण जिलो की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मुख्य मार्ग मे स्थित है यथा रायपुर, रायगढ, बिलासपुर, चांपा, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, भंड़ारा, नागपुर व झारसुगुड़ा जैसे तमाम जिले रेल्वे के मुख्य मार्ग पर है। वर्तमान मे अकेले भाटापारा शहर की आबादी अनेक जिला बन गये कस्बानुमा क्षेत्र की कुल आबादी से भी ज्यादा है। भाटापारा शहर प्रदेश का सातंवा सबसे बडा नगर है इस नगर मे सबसे बडी प्रदेश की अनाज मंडी है वहीं भाटापारा देश का सबसे बड़ा पोहा उत्पादक क्षेत्र है रेल्वे को राजस्व देने तथा केन्द्रीय मद एवं राज्य मद के आय मद मे भाटापारा सर्वाधिक राजस्व सेंन्ट्रल जीएसटी व स्टेट जीएसटी के अलावा आयकर के रूप मे देते आ रहा है साथ हीं भाटापारा क्षेत्र सबसे बडे दानवीर दाउ कल्याण सिंग का जन्म स्थली भी रहा है जिनके द्वारा निर्मित डीके हास्पिटल मे पृथक छत्तीसगढ राज्य का मंत्रालय एक लंबे समय तक संचालित हुआ था।

भाटापारा सन 1935 तक बिलासपुर जिला का हिस्सा था जिसे पंडित रविशंकर शुक्ल ने बाद मे रायपुर जिला मे इस शर्त के साथ शामिल कराया था कि आगे चलकर भाटापारा को पृथक जिला का दर्जा दिलाया जायेगा। पृथक भाटापारा जिला के लिये एक अच्छा प्रयास अविभाजित मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचंद सेठी ने भी किया था लेकिन वे भी अपने मंत्री मंडलीय सहयोगी तत्कालीन राजस्व मंत्री किशोरी लाल शुक्ला के जिद के आगे विवश हो गये फ्लस्वरूप भाटापारा जिला बनाने के बजाये मात्र 27 किलोमीटर की दूरी पर दुर्ग को विभाजित कर राजनांदगांव जिला बना दिया गया इस तरह भाटापारा जिला की मांग के साथ प्रारंभ से हीं उठापटक की राजनीति चलती रहीं है। सन 1992 मे मध्यप्रदेश की सुंदरलाल पटवा सरकार के समय 16 नये जिले बनाये गये थे उस वक्त भी भाटापारा क्षेत्र के साथ राजनीतिक रूप से छलावा हो गया जबकि जिला निर्माण के लिये गठित जिला पुर्नगठन आयोग के अध्यक्ष बीआर दुबे ने भाटापारा की महत्वता को स्वीकार किया था इन सबके बाद छत्तीसगढ राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से लोकोत्सव मैदान के एक भीड़ भरी सभा मे आदिवासी सम्मेलन के दौरान यह कहा था कि जब भी प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बैठेगी भाटापारा को अलग राजस्व जिला बनाया जायेगा किन्तु कांग्रेस के सरकार बैठने के साढे चार साल बाद भी भूपेश बघेल अपनी घोषणा व वादे को पूर्ण नहीं कर पाये है जिससे क्षेत्रवासियों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। भाटापारा जिला निर्माण की घोषणा कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार करने हेतु मैदानी दौरे पर निकले टीएस सिंहदेव ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान की थी किन्तु आज वे उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन है उसके बावजूद वे अपनी घोषणा को पूरी नहीं करवा पा रहे है।

**भाटापारा शहर प्रदेश का सातंवा सबसे बडा नगर है इस नगर मे सबसे बडी प्रदेश की अनाज मंडी है**

इसी प्रकार की घोषणा कांग्रेस भवन की सभा मे विधि विधायी एवं वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की थी इसके पहले पूर्व गृहमंत्री नंदकुमार पटेल ने भी छत्तीसगढ राज्य का 28 वां जिला भाटापारा को बनाने का सार्वजनिक रूप से ऐलान किया था लेकिन नक्सलियो द्वारा झीरम घाटी मे किये गये हमले के फ्लस्वरूप नंदकुमार पटेल शहीद हो गये जिसके कारण भाटापारा जिला निर्माण उनकी घोषणा आज तक पूरी नहीं हुई। नैतिकता के नाते सरकार व सरकार मे मंत्री उनके पुत्र उमेश पटेल उच्च शिक्षा मंत्री को चाहिये कि वे अपने पिता स्व.नंदकुमार पटेल की घोषणा का क्रियान्वयन कराने के प्रति वे ध्यान देवें इस तरह एक के बाद एक घोषणा वायदे एवं वचन के बाद भी सभी योग्यता होते हुये भी आज तक भाटापारा जिला के अधिकार से वंचित है लोगों का विश्वास अब नेताओं के घोषणा वायदे से उठते जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने आने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान भाटापारा जिले के मुददे पर नेताओं से सवाल जवाब करते हुये अपने मतदान करने का मूड बना लिया है जिसमे दोनो राष्ट्रीय पार्टियों को जिला के मुददे पर खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## अंडर ब्रिज में मवेशियों के जमावड़े से लोग परेशान

# रेल्वे ओव्हरब्रिज एवं अंडरब्रिज में पसरा गंदगी का साम्राज्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे निर्मित रेल्वे ओव्हर ब्रिज एवं हटरी बाजार रेल्वे अंडर ब्रिज की सफ्ई व्यवस्था नहीं होने से वहां पर गंदगी लगातार पांव पसार रही है। रेल्वे ओव्हर ब्रिज मे रोजाना पांच हजार से अधिक छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। ओव्हर ब्रिज पर दोनो छोर पर धूल व गंदगी की मोटी चादर बिछ जाने से दुपहिया वाहन चालक अक्सर धूल की मोटी परत मे स्लीप खाकर गिर रहे है जिससे आये दिन दुर्घटनायें हो रहीं है क्षेत्र के नागरिक एक लंबे समय से ओव्हर ब्रिज एवं हटरी बाजार अंडरब्रिज की समुचित सफ्ई करने की मांग करते करते थक चुके है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे एक ओर जहां दुर्घटनायें लगातार घटित हो रहीं है वहीं भारी वाहनो के आवागमन के बाद ओव्हर ब्रिज पर उड़ती धूल से लोग हलाकान है खासकर पैदल सायकल व दुपहिया वाहन मे चलने वालो को धूल की गुबार से सराबोर हो जाना पड़ता है इसी तरह हटरी बाजार रेल्वे अंडर ब्रिज मे भी एक लंबे समय से सफ्ई व्यवस्था नहीं होने से अंडरब्रिज मे धूल की मोटी परत जम गई है वहीं रात्रि मे डिस्पोजल, पानी पाउच लेकर वहां पर शराबखोरी करने वाले पूरे कूड़ा, करकट व कचरा छोड़कर भाग खडे होते है जिससे रेल्वे अंडरब्रिज के रास्ते आने जाने वालो को गंदगी से जूझना पड रहा है रेल्वे अंडरब्रिज मे व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है प्रकाश व्यवस्था भी वहां पर कमजोर है इसी तरह के हालात रामसागर पारा टेंहका अंडरब्रिज मे मवेशियों का बडे पैमाने पर जमावड़ा होने से लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है उपर से पूरे रेल्वे अंडरब्रिज मे मवेशियों गाय, बैल, भैंस, भेंसा के समूहो द्वारा गोबर कर दिये जाने से रेल्वे अंडरब्रिज के रास्ते आवागमन करने वालो के वाहन फिसल रहे है व लोग चोटिल होकर लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे है टेंहका रोड़ रेल्वे अंडरब्रिज मे रात्रि के वक्त असामाजिक तत्व सक्रिय रहते है। क्षेत्र के लोगों ने शहर के दोनो अंडरब्रिज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज की सफ्ई तत्काल करने तथा प्रकाश व्यवस्था सुधारने एवं पुलिस की गश्त बढाने की मांग की है।

नागरिकों ने कहा आश्वासन नहीं स्टापेज चाहिये

# भाटापारा में महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टापेज शीघ्र देने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनो के स्टापेज देने की मांग पुनरू नागरिकों ने दोहराते हुये क्षेत्रिय सांसद सुनील सोनी से इस दिशा मे गंभीरता से पहल करने की मांग की है। नागरिकों ने कहा है कि बिलासपुर रेल्वे जोन मे भाटापारा एक प्रमुख व्यवसायिक व औद्योगिक नगर है इसके आस पास राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एलएण्डटी, ग्रासीम, अंबुजा, आदित्य बिडला, टाटा, अल्ट्राटेक, श्री सीमेंट सहित अन्य कंपनियो की सीमेंट कंपनिया स्थित है साथ हीं भाटापारा मे लगभग 400 राईस, दाल व पोहा मिल संचालित है। भाटापारा देश का सबसे बड़ा पोहा उत्पादक क्षेत्र है जहां से रेल्वे को सर्वाधिक आय लगातार प्राप्त हो रहा है अतरू इस स्टेशन मे बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस,




माल्दा टाउन सूरत एक्सप्रेस, दरभंगा हैदराबाद एक्सप्रेस, कुर्ला भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हटिया पूणे एक्सप्रेस, समरसता एक्सप्रेस, हावड़ा शिरडी एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस का स्टापेज अनिवार्य रूप से देने की मांग एक लंबे समय से की जा रहीं है जिसे पूर्ण किया जाना अति आवश्यक हो गया है क्योकि भाटापारा स्टेशन से बडी संख्या मे लोग व्यवसायिक, शैक्षणिक, व्यापारिक एवं चिकित्सा उपचार के लिये दूसरे राज्यों तक जाते है उक्त तमाम ट्रनो का स्टापेज भाटापारा मे दिये जाने से उपरोक्त सभी लोगों को राहत मिल सकेगा क्षेत्रवासी पिछले 17 वर्षा से लगातार भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनो का स्टापेज देने की मांग कर रह है लेकिन किसी भी नेताओं ने इस दिशा मे सक्रियता से स्टापेज के लिये पहल नहीं किया जिसका खामियाजा हजारो रेल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। भाटापारा की महत्वपूर्ण रेल समस्या के निदान के लिये विगत 21 सितंबर 2010 को भाटापारा मे ऐतिहासिक रूप से रेल रोको आंदोलन किया गया था जिसके कारण हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर पूरी तरह सात घंटे तक रेल यातायात ठप्प पड़ गया था अनेक यात्री ट्रेनो को जगह जगह रोका गया था इस बात से घबराये रेल्वे उच्च अधिकारियों ने आंदोलन समाप्त कराने के लिये आंदोलनकारियों को समस्या का शीघ्र समाधान करने की बात कहकर आंदोलन समाप्त करवा दिया था इसके बाद एक एक करके रेल्वे जोन के व रेल संभाग के तमाम अधिकारियों का तबादला दूसरे रेल्वे जोन मे हो गया फलस्वरूप समस्या समाधान की फाईल धूल खाते हुये जोनल मुख्यालय मे अटक गई इस तरह भाटापारा के साथ केवल




रेल्वे अधिकारी व नेताओं ने छलावा हीं किया। क्षेत्र के नागरिकों ने सांसद व अन्य नेताओं से पुनरूउम्मीद जाहिर की है कि वे भाटापारा स्टेशन मे महत्वपूर्ण ट्रेनो के ठहराव के लिये गंभीरता से प्रयास कर शीघ्र हीं कम से कम आधा दर्जन ट्रेनो का स्टापेज करावें ताकि पुराने जख्म पर मल्हम लगाया जा सके।

# अवैध कब्जाधारी फिर सिर उठा रहे हैं चारों तरफ फिर कब्जा करने वाले तत्व



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर व क्षेत्र मे एक बार फिर अवैध कब्जा करने वाले सक्रिय हो गये है कुछ सप्ताह पूर्व प्रशासन द्वारा कृषि उपज मंडी के समीप बस स्टैड क्षेत्र से सड़क किनारे के कब्जों को ध्वस्त किया गया था लेकिन पिछले पांच दिन से अवैध कब्जा करने वाले फिर से वहां पर निर्माण कार्य कर अवैध कब्जा करने लगे है जिससे स्थिति ज्यों की त्यों बनने के आसार दिखने लगे है वहीं शहर के अन्य हिस्सों मे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जा करने वाले सक्रिय हो गये है खासकर अंबेडकर चौक से लेकर ग्राम टेंहका तक सड़क के दोनो छोर पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे से निर्माण कार्य हो रहे है वहीं टेंहका भांठा, सूरजपुरा भांठा, खोखली मार्ग, ढाबाडीह मार्ग, खपराडीह मार्ग व तरेंगा गांव मे अवैध कब्जा करने एक प्रकार से होड़ मच गई है। उक्त शहर व ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण शासकीय भूमि पर दिनदूनी रात चौगुनी रफ्तार से कब्जा किया जा रहा है जिसे रोकने की दिशा मे जिला प्रशासन को संपूर्ण अमले के साथ ठोस कार्यवाही करने की दरकार है वैसे भी शहर मे अवैध कब्जो के कारण सड़को की चौड़ाई कम हो गई है शहर थाना से लेकर बस स्टैड तक जाने वाली मुख्य सड़क पर दस दस फीट अवैध कब्जा हो गया है जिसे हटाये जाने की नितांत आवश्यकता है।

इसी प्रकार रेल्वे फाटक हटरी बाजार से लेकर अनाज लाईल, गोविंद चौक, सदर बाजार, रामसप्ताह चौक होते हुये जय स्तंभ चौक होकर कांग्रेस भवन तक सड़क के किनारे बढाये गये अवैध कब्जों को कड़ाई से हटाये जाने की जरूरत है क्योकि उक्त अवैध कब्जो के कारण आये दिन यहां पर यातायात जाम की स्थिति बन रहीं है अवैध कब्जे से नगर के अनेक तालाब अपना अस्तित्व बचाने संघर्ष कर रहे है वहीं नयागंज नेहरू वार्ड प्रमुख नहर भी अवैध कब्जे की चपेट मे नाली की शक्ल मे आ गया है अवैध कब्जो से शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र भी अपना मूल स्वरूप खोते जा रहे है अवैध कब्जा करने वाले सूरजपुरा, टेंहका, तरेंगा, धौराभांठा सिद्ध बाबा, टिकुलिया, ढाबाडीह, दतरेंगा व दतरेंगी क्षेत्र मे ज्यादा सक्रिय है उक्त गांव मे पदस्थ पटवारी इस दिशा मे ध्यान नहीं दे रहे है जिसके कारण अनेक महत्वपूर्ण शासकीय भूमि अवैध कब्जाधारियों के चंगुल मे फंसते जा रहा है। शहर के अतिमहत्वपूर्ण पुराना किसान राईस मिल के अधिनस्थ भूमि भी अवैध कब्जा की चपेट मे आ गया है नगर मे अनेक महत्वपूर्ण व कीमती जमीन भी अवैध कब्जाधारियों के गिद्ध निगाह से नहीं बच पा रहा है। जबकि उक्त बेशकीमती जमीन को बचाने के लिये प्रशासनिक पहल व ठोस कार्यवाही जरूरी है।

# हरी सब्जियों की बढ़ती कीमत से लोग हैरान खरीददार परेशान

**भाटापारा।** नगर मे हरी सब्जियों का भाव आसमानी उंचाई पर लगातार पहुंच गया है जिससे आम जनता की कमर महंगाई की मार से टूट गई है। लोग पिछले दो महीने के बढती कीमतों से सिहर गये है खासकर खाद्य पदार्थो के साथ हरी सब्जी टमाटर के बढते भाव ने लोगों का जायका बिगाड़ रखा है लोकल सब्जी बाड़ियो से आवक कमजोर होने व दूसरे राज्यों से परिवहन के भारी खर्चे के बीच हरी सब्जियो की आवक महंगी हो गई है जिससे रविवार को भी भाटापारा बाजार मे टमाटर के भाव 150 रूपये प्रतिकिलो से उपर बिकने लगा वहीं अनेक दुकानो मे तो टमाटर नदारद था। टमाटर के साथ अन्य हरी सब्जियों के भाव भी आसमान छूते नजर आये ढेंश, शिमला मिर्च, भिंडी, तरोई, परवल, लाल एवं पालक भाजी, बरबटटी, कददू, करेला, कोचई, परवल, गोभी, लौकी व पत्तागोभी सहित अन्य हरी सब्जियो के भाव आम दिनो की तुलना मे काफी महंगे होकर बिकने लगे है जिससे लोग चिंतित होकर रह गये है लोगों को बढती महंगाई ने त्रस्त कर दिया है बढती महंगाई से लोग शासन को बुरा भला कहने लगे है वहीं आलू प्याज जैसी सूखी सब्जियों के भाव भी बढने लगे है जिससे लोगो के समक्ष क्या खायें क्या खरीदे की स्थिति बन गई है इधर बाहरी राज्यों से भाटापारा के बाजार मे हरी सब्जियों की बंपर आवक जारी है लेकिन यहां से तमाम हरी सब्जियों का परिवहन सड़क मार्ग से चकरभांठा, बिल्हा, दगोरी, सरगांव, बैतलपुर, नारायणपुर, संबलपुर, मारो, चक्रवाय, अर्जुनी, सुहेला, लाहोद, लवन, रसेडी, रसेडा, डमरू, रावन, झीपन, हिरमी, हथबंद, नवापारा, दामाखेड़ा, किरवई, लिमतरा, नांदघाट व निपनिया सहित दर्जनो गांव के बडे बाजारो मे होने के कारण भाव तेजी लिये हुये है। कुल मिलाकर हरी सब्जियों की महंगाई से आम आदमियों के जेब पर बोझ बढने लगा है व लोगों का बजट पूरी तरह बिगड गया है।



# अरूण छाबड़ा को मानद उपाधि मिली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विगत कई वर्षों से मानव व समाज सेवा के क्षेत्र मे किये गये उल्लेखनीय कार्य एवं रिसर्च पेपर्स के आधार पर अरूण छाबड़ा को सोशल अवेयरनेस एंड पीस विश्वविद्यालय फ्लोरिडा यूएसए द्वारा नई दिल्ली में गोल्ड मैडल के साथ मानद उपाधि डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया विगत कई वर्षों से क्षेत्र एवं देश के अंतर्गत मानव सेवा में की भावनाओं को लेकर प्रशासनिक एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत मानव सेवा एवं मानव उत्थान की भावना से ओत-प्रोत होकर क्षेत्र प्रदेश राष्ट्रीय स्तर में कार्यक्रम में सम्मलित होकर एवं कर्तव्य परायणता के आधार पर जो मानव कल्याण हेतु उनके द्वारा किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय है। 3000 से अधिक की सहायता कर कोरोना वैक्सीन टीकाकरण कराने शासन का सहयोग कर कोरोना योद्धा के रूप में अपनी पहचान बनाई है 400 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने भी सम्मानित किया जा चुका है। अरुण छाबड़ा को सम्मान प्राप्त होने पर नितिन भंसाली, हरपाल सिंह भामरा, रश्मित खुराना, हर्ष अग्रवाल, सुधीर मिश्रा, अजयकांत शुक्ला, राजकुमार मल, आलोक मोदी, देवेंद्र भृगु, कैलाश बलानी, तंजीव अरोरा, दिनेश सोनी, इकबाल अहमद, अजय गुप्ता, सूरज शर्मा, गुलशन वर्मा, राजा टुटेजा, देवेंद्र सचदेव, कन्हैया सेठी, सुनील छाबड़ा, गोपाल शर्मा, राजकुमार छाबड़ा, आकाश छाबड़ा व पूर्वाश छाबड़ा ने बधाई दी है।

### डेंगू व मलेरिया के लिए अलर्ट

# छत्तीसगढ़ में मलेरिया से एक युवक की मौत, चार और पाजिटिव मिले



**रायपुर।** बिलासपुर में मलेरिया से एक युवक की मौत हो गई है वहीं चार और पाजिटिव मिले हैं। ग्राम कुरदा में रहने वाले एक 18 साल के मलेरिया पाजिटिव युवक की सिम्स में शुक्रवार की शाम मौत हो गई। इसके बाद तत्काल गांव में किए गए सर्वे में मलेरिया के चार पाजिटिव मरीज और मिल गए हैं। वहीं अब कोटा के अन्य संवेदनशील गांव के साथ ही शहरी क्षेत्र में भी मलेरिया, डेंगू फैलने की आशंका बढ़ गई है। कुरदा में रहने वाला 18 वर्षीय अजय कुमार पिता बुधराम बीते 15 दिन से भिलाई में अपने रिश्तेदार के यहां रह रहा था। मौजूदा स्थिति में भिलाई, दुर्ग, रायपुर और गरियाबंद में मलेरिया व डेंगू फैला है। इसी बीच अजय भी वहां मलेरिया के चपेट में आ गया। जब उसने दो अगस्त को गांव वापसी की थी तो उसने बताया कि उसे बीते कई दिन से तेज बुखार आ रहा है और पूरे शरीर दर्द में उठ रहा है। इसके बाद उसकी तबीयत और भी बिगड़ने लगी। शुक्रवार की सुबह हालत पूरी तरह से बिगड़ जाने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा लाया गया। जहां पर मलेरिया के लक्षण मिलने पर उसका सैंपल लेकर मलेरिया जांच की गई। इसमें उसके मलेरिया होने की पुष्टि की गई। दोपहर तक हालत और भी नाजुक होने पर उसे सिम्स रेफर कर दिया गया। यहां शाम को उसकी मौत हो गई।

# सतीश ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का रविदास वार्ड में भूमिपूजन



**भाटापारा।** स्थानीय रविदास वार्ड मे लगभग 50 लाख से अधिक की राशि से निर्मित होने वाले सीसी रोड़, नाली निर्माण व बोर खनन का भूमिपूजन निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर अनुसूचित जन जाति आयोग के सदस्य गणेश सिंग ध्रुव, पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंग सलूजा, पार्षद भुलुराम कुर्रे, सुनील गुप्ता, आलोक मिश्रा, दीपक निर्मलकर, रानी वर्मा, गेंदू साहू, राजेश चुटे, शैलेन्द्र अहिरवार, लक्ष्मी पांडे, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, राहुल शर्मा, केके नायक, राजकुमार शर्मा, सावित्री ध्रुव, कुमारी जांगडे, मनीष पंजवानी, दिवाकर मिश्रा, अयुब बांठिया, अशोक तिवाडी व अशोक ध्रुव सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।

## सतीश अग्रवाल ने विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** स्थानीय नयापारा वार्ड मे निर्मित होने वाले सीसी रोड़ एवं बोरपंप का शुभारंभ तथा भूमिपूजन निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल के करकमलो से संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर उपस्थित वार्ड वासियों को संबोधित करते हुये कहा कि वार्ड की प्रमुख समस्या को प्राथमिकता से हल किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम मे अनुसूचित जन जाति आयोग के सदस्य गणेश सिंग ध्रुव, पार्षद भुलुराम कुर्रे, अशोक तिवाडी, रानी राजेन्द्र वर्मा, आलोक मिश्रा, दीपक निर्मलकर, राजाराम शर्मा व हंसराज बंसल सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।

## अनुपूरक बजट स्वागत योग्य - सुशील शर्मा



**भाटापारा।** भूपेश सरकार द्वारा मानसून सत्र के पूरक बजट मे प्रदेश वासियों को अनेक सौगात दिये जाने का स्वागत करते हुये मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने इसे क्रांतिकारी कदम बताया है वहां है कि भूपेश सरकार छत्तीसगढ के स्वाभिमान व सम्मान के लिये कार्य कर रहीं है उनके द्वारा मितानीन हेल्पडेस्क ऑपरेटर, संविदा कर्मचारियों के हित मे तथा शासकीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता केन्द्र के समान देने का निर्णय, सचिवों के वेतन मे वृद्धि अतिथि शिक्षको के मानदेय मे वृद्धि जैसे स्वागत योग्य कदम उठाये गये है। शर्मा ने आगे कहा है कि ग्रामीणों के लिये आवास योजना, न्याय योजना सहित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधा की राशि 20 लाख से बढाकर 25 लाख किये जाने का शर्मा ने स्वागत किया है।

# केरियर मार्गदर्शन के तहत बच्चों को दिया गया टिप्स



**भाटापारा।** सम्मान समारोह एवं केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में किया गया जिसमे केरियर मार्गदर्शन के लिये वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी हरिश मार्कंडेय, लेखा अधिकारी उत्तम तुरकाने, के डी टंडन व आशाराम अनंत के द्वारा बच्चों को 10 वीं परीक्षा पास करने के बाद किस क्षेत्र में जाना हैं तथा 12वीं कक्षा के बाद हमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह से करना होता है बहुत ही बारीकी से बताया गया। बच्चों को उनकी रूचि किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसके अनुसार मार्गदर्शन अधिकारियों के द्वारा बच्चों को जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ ही उनके पालकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नीलकंठ ध्रुव, कोषाध्यक्ष आजाद सिंह कौशल के अलावा जनपद सदस्य इतवारी जांगड़े व रामखेलावन चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम मे एम डी लहरे छात्रावास अधीक्षक, के पी ध्रुव, रमेश रात्रे, वीरेन्द्र बंजारे, ईश्वर देवदास, एस आर हिरवानी, पोखराज मांझी, शिवमंगल सिह ठाकुर, गंगाप्रसाद मिरी, कमल ध्रुव, चंद्रकुमार ध्रुव, विजय मिरी, विजय बंजारे, पीलाराम बंजारे, देव भारद्वाज, रोशन नारनवरे, प्रमोद ऋषि, श्रीमती मंजू बंजारे, श्रीमती सतवंतिन पात्रे व टेकराम मिरी आदि उपस्थित थे।

# बाल समूह मित्र का चयन



**भाटापारा।** मितानिन कार्यक्रम के तहत इतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मे कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी से चयन कर बाल समूह मित्र का गठन किया गया। समूह गठन उपरांत बाल समूह मित्र के सदस्यों को बाल अधिकार के संबंध में रायपुर से आई हुई एरिया कोआर्डिनेटर श्रीमती नैन साहू ने बताया कि वे अधिकार हैं जो 18 वर्ष तक की उम्र के सभी किशोर व किशोरियों को दिये गये हैं मितानिन ट्रेनर श्रीमती द्रौपति जायसवाल ने बताया बाल अधिकार को चार भागों में बांटा जा सकता है। निम्न का चयन किया गया कक्षा नवमीं से आकाश दास, विकास, सामूयल मसीह, प्रवीण, रोहन दसवीं से भानूप्रताप, राज शिखर, देवचरण, नागेश बांधे, शशांक कक्षा ग्यारहवीं से निखील पांडे, दुर्गेश देवांगन, भावेश जयसवाल, देवेन्द्र बघेल, अर्जुन सोनी एवं कक्षा बारहवीं से लोकनाथ, तुषार, हर्षित यादव, ईश्वर प्रसाद तथा टेसू सोनी आदि छात्र उपस्थित थे।


संतोष कुमार साहू (लालू)

ब्यूरोचीफ
"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में
विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए
संपर्क करें
9827916119



# याकूब जालियांवाले को दी गई श्रद्धांजलि



**भाटापारा।** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व.याकूब जालियांवाला की पुण्य तिथि पर कांग्रेस भवन मे कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या मे उपस्थित कांग्रेसियों ने उनके योगदान का स्मरण करते हुये उन्हे श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंग ध्रुव, राजकुमार, आलोक मिश्रा, यासिन जालियावाला, कुमारी बाई जांगडे, राजेन्द्र वर्मा, मनीष पंजवानी, राजा तिवारी, गोपाल शर्मा, महेन्द्र साहू, भुलुराम कुर्रे, नवीन बख्श, मुकेश साहू, अशोक तिवाडी, शादाब जालियावाला, लक्ष्मी पांडे, दीपक निर्मलकर व अय्यूब बांठिया सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# बालाजी मंदिर में चरण पादुका की चोरी



**भाटापारा।** शहर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम सिंगारपुर मे स्थित मंदिर मे चोरी की घटना प्रकाश मे आई है। उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगारपुर मांवती माता मंदिर परिसर मे स्थित बालाजी मंदिर मे रखे चांदी के चरण पादुका को एक अज्ञात युवक द्वारा चुराकर ले जाने का प्रकरण सामने आया है। उक्त चांदी के पादुका की कीमत लगभग 15 हजार है मंदिर के पंडित के द्वारा इस घटना की सूचना मंदिर ट्रस्ट से जुडे मुकेश सोनी को दी गई जिसके आधार पर उन्होने घटना की रिपोर्ट थाना मे लिखाई है। सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि मंदिर परिसर मे लगे सीसी टीवी कैमरे मे चरण पादुका की चोरी करते हुये एक काले टी शर्ट पहने हुये युवक का फूटेज दिख रहा है जिससे उम्मीद जताई जा रहीं है कि चरण पादुका चोरी करने वाला शीघ्र ही पुलिस के शिकंजे मे फंस जायेगा।

# कमलाकांत इंस्टीटयूट के बच्चों ने जिला मुख्यालय में लिया हिस्सा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित जिला उत्सव में कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के शिक्षा संकाय के छात्र-छात्राएं ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें युवा संस्कृति प्रस्तुति में वागीशा, आंचल, वीणा, एकता, नीलम व स्वाति ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा युवा लेख कविता में स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर इंस्टीटयूट का नाम गौरवांवित्त किया है।

# सतीश पहुंचे ग्रामीण दौरे में



**भाटापारा।** छ.ग. निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने अपने ग्रामीण क्षेत्र के सघन दौरे के अंतर्गत खैरी राजाढार मे जनसंपर्क करते हुये ग्रामीणों की समस्यें सुनी इस दौरान उन्होने भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुये उक्त योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। उक्त दौरे मे अग्रवाल के साथ भुवन सिंग ठाकुर, फगूराम कोशले, भैरा ध्रुव, नरेन्द्र ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, यमन ध्रुव, राजेश्वर ध्रुव, कलीराम ध्रुव, मनीराम ध्रुव, रामकुमार नेताम, भारत ध्रुव, विष्णु ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, मुन्ना वर्मा सहित केदार मिश्रा व ग्रामीण बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# धुर्राबांधा मे छत्तीसगढी ओलंपिक खेल का आयोजन



**भाटापारा।** शहर से नौ किलोमीटर दूर ग्राम धुर्राबांधा मे छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया जिसमे फूगडी, खो खो, बांटी, भौंरा, गिल्ली डंडा, पिटठूल, रस्सा कस्सी, लंगडी दौड, 100 मीटर दौड तथा कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन मे सरपंच हेमंत वर्मा, सहदेव वर्मा, अश्वनी वर्मा, नंदकिशोर वर्मा, कामता वर्मा, विनोद पटेल, कन्हैया वर्मा, एसके वर्मा, संजू बघेल, कमलेश वर्मा, कृपाराम वर्मा, दीपक वर्मा, नारायण वर्मा, महेश पाल, विक्की ध्रुव व अमर ध्रुव सहित बडी तादाद मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मोटियारीडीह में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**भाटापारा।** ग्राम मोटियारीडीह मे जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनय यदू द्वारा ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गेडी दौड, लंबी कूद, कबडडी प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेलों का आयोजन क्रमबद्ध किया गया। उक्त अवसर पर राजीव मितान क्लब के मनोज यदू,दीपक निषाद, रवि ध्रुव, मोतीराम, तोरण, सनत, राजू व मनीराम निषाद सहित बडी संख्या मे गांववासी उपस्थित थे।

# ब्लाक स्तरीय ताइक्कांडो खेल में 30 का चयन जिला के लिये



**भाटापारा।** गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में विकासखंड स्तरीय ताइक्कांडो गेम्स का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। खेल में 55 बच्चो ने भाग लिया जिसमें 30 बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये हुआ जिसमें बालक वर्ग में 16 एवं बालिका वर्ग में 14 लोगों का चयन किया गया। उक्त आयोजन को सफ्ल बनाने में बाबू मैथ्यू, आलोक गुप्ता, पीटीआई योगेश, ऋषभ सिंह चौहान, अखिलेश कैवर्त्य, महेश राजपूत, धनंजय पांडे एवं हर्ष देवांगन शामिल थे।

# योगेश पोपट को अहमदाबाद में सम्मानित किया गया



**भाटापारा।** खम्हरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश पोपट को अहमदाबाद मे आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कान्क्लेव -2023 में आधुनिक शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थियों के लिये सहज शिक्षण हेतु विभिन्न नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिये अवार्ड से सम्मानित किया गया है। योगेश पोपट को मिले उक्त अवार्ड के लिये प्रबंधक अश्वनी शर्मा, संदीप गोयल एवं समस्त शिक्षक स्टाफने उन्हे बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों का प्रदर्शन



**भाटापारा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र जरहागांव, कोनी, कोदवा, निपनिया, सेम्हराडीह व सिंगारपुर मे आम जनता के अवलोकन हेतु ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनो का ऑन हैण्ड प्रदर्शन किया गया। जिसमे लोगों को अपने मताधिकार कार्यप्रणाली के संबंध मे जानकारी हासिल हो सके।

**कलेक्टर चंदन कुमार ले रहे है पल पल की जानकारी,सहायता के लिए कंट्रोल रुम स्थापित व नम्बर जारी**

# बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन रोकने प्रशासन की टीम तैनात, एहतियात के लिए कराई जा रही मुनादी

**भाटापारा। बलौदाबाजार** कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्थिति को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की है। वह लगातार स्थिति पर नजर बनाएं हुए है। सम्बंधित अधिकारियों से पल पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। कलेक्टर ने सेमरिया,अमेठी घाट सहित अन्य पुलों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त जिलें के सभी बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन भी रोक दी गई है। बाढ़ और अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी जो कि 24 घण्टा सक्रिय रहेगा



जिसका हेल्पलाइन नम्बर - 07727-222454 है।

जिसमे विभिन्न अधिकारियों की रूटीन में ड्यूटी लगाई गयी है। जिले के आम नागरिकों को बाढ़ से किसी भी तरह की समस्या होती है तो उक्त नम्बर से सहायता ले सकते है। साथ ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकतें है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे 94255-23514,सहायक नोडल अधिकारी विकास गढ़ेवाल 90396-64487 पुलिस नियंत्रण कक्ष 62621-55100 जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष 07727-223532 जिला सेनानी नगर सेना- 72229- 20390 जारी किया गया है। कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और न ही पुल पार करे और बाढ़ वाले क्षेत्रों में न जाए। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ एवं महानदी में बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं। जिससे नदी के निचली गांवों में पानी भरने से बाढ़ की स्थिति बन रही है। लोगो को आवश्यकता अनरूप सुरक्षित जगह में पहुँचाया जा रहा है। शिवनाथ नदी में सेमरिया पुल के ऊपर लगभग 7 फीट पानी आ चुका है,सेतु में बैरिकेडिंग व ड्यूटी लगा कर दोनों तरफ से आवागमन बंद करा दिया गया है। इसके साथ ही सभी जगह प्रशासन सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर ली गयी है। अभी तक जान माल के नुक़सान की सूचना नही है।

### *तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के दिए निर्देश*

कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आप सभी वस्तु स्थिति पर नजर बनाए रखें खासकर नदी तट एवं निचली इलाको में। वर्षा एवं बाढ़ की पानी से यदि किसी के जान माल की हानि होती है तो तत्काल राहत प्रकरण बनाकर जिला कार्यालय को सूचित करें। उक्त कार्य मे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# कलेक्टर ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा,समय सीमा के भीतर करें समस्त आवेदनों का निराकरण- कलेक्टर

*पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में होगा स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन*

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल,कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमें एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। इसके साथ ही आई फ्लू बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को स्कूलों में जाकर निरीक्षण एवं दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक एन्टीबायोटिक आई ड्राप के उपलब्धता सुनिश्चित करने के कहा है। उन्होंने आज बैठक में रीपा,मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, बेरोजगारी भत्ता,पौनी पसारी,जल जीवन मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर,मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना,गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र




वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में आवेदकों निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

### स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह होगा पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में

कलेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जायेगी। समारोह के लिए अफसरों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है। साथ ही आज लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग से तैयारी सम्बंधित जानकारी ली गयी। कोविड प्रोटोकाल एवं बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह सवेरे 9 बजे पं.चक्रपाणि हाई

### स्कूलों में आई फ्लू से बचाव के गतिविधियों में तेजी लाने एवं आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा। समारोह स्थल की साफ-सफाई,बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माईक,पानी व्यवस्था,बैठक व्यवस्था,शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड,चिकित्सा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर बी सी एक्का, डीएफओ मयंक अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव,सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर,एसडीएम सहित समस्त विभागों के जिला प्रमुख,सभी सीईओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

# गैलेक्सी मोबाईल वर्ल्ड में आईफ़ोन के ऑथोराइज़्ड डीलरशिप की शुरुआत

भाटापारा। गैलेक्सी मोबाईल वर्ल्ड में आईफोन के ऑथोराइज़्ड डीलरशिप की शुरुआत हुई। जिसमे आईफोन के रनिंग मॉडल्स आईफोन 13,,,आईफोन 14 सिरीज़ ने आने वाले सभी मॉडल्स का लॉन्चिंग हमारे भाटापारा शहर के वरिष्ठ पत्रकार ग्रुप की गरिमामई उपस्थिति मे किया गया।



जिसमे भाटापारा के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश शर्मा जी,सत्यनारायण पटेल जी,प्रशांत वर्मा जी,शंकर सोनी जी,कैलाश जायसवाल जी,ललित तिवारी जी,संतोष लालू साहू जी,अजय यादव जी,अमृत साहू जी,सरिता ध्रुव उपस्थित थे। जिसमे पहला आईफ़ोन 13 ग्राहक को विक्रय किया गया। गैलेक्सी मोबाईल वर्ल्ड (आइफोन के ऑथोराइज़्ड डीलर) मे आईफोन के सभी मॉडल्स में 24 माह के ज़ीरो डाउन पेमेंट के साथ और विशेष ऑफ़र के साथ सभी मॉडल्स उपलब्ध है।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सायकल-बाईक रैली को कलेक्टर-एसपी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

*अधिकारियों-कर्मचारियों ने जागरूक मतदाता बनने लिए संकल्प*

**बलौदाबाजार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रिमझिम बारिसों के बीच में जिला मुख्यालय स्थित शासकीय दाउ कल्याण् सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार में सायकल-बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने हरी झण्डी दिखाकर सायकल-बाइक रैली को रवाना किया गया। रैली में जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने कलेक्टोरेट के समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक मतदाता बनने के लिए शपथ दिलाया। इस मौके पर स्वीप के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर दुबे एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित कालेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# 30 से अधिक युवाओं को मौके पर मिला रोजगार,कलेक्टर ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

## कौशल उन्नयन से ही होता है व्यक्तित्व निर्माण-कलेक्टर चंदन कुमार

**बलौदाबाजार।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 32 आवेदकों को मौके पर ही कलेक्टर चंदन कुमार ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिससे क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है। मेले में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 8 सौ आठ रिक्त पदों की अधिसूचना प्राप्त हुआ था। प्राप्त पदों के लिए 5 सौ 66 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया।




जिसमें से 2 सौ 92 आवेदकों को प्राथमिक चयन किया गया है। रोजगार मेले से लाभान्वित लवन निवासी सागर कुमार निराला ने बताया कि मुझे बॉम्बे इंटेलिजेंस सेक्युरिटी इंडिया लिमिटेड में नौकरी का ऑफर मिला है। इसमें मुझे 10 हजार से 12 हजार रूपये वेतन मिलेगा। उन्होंने उक्त आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम पाटन निवासी माधुरी वर्मा को अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस द्वारा मार्केटिंग का जॉब प्रदान किया गया। उन्होंने ने भी रोजगार मेले के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि कौशल उन्नयन से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। अत: हम सभी लोगों को अपने रूचि अनुरूप कौशल उन्नयन में जोर देना चाहिए। इस तरह उन्होंने पहले नौकरी को पैसों के लिए न होकर अपने व्यक्तित्व निर्माण के रूप में देखना चाहिए। नौकरी के लिए यदि हमें कही दूर जाने की जरूरत पड़ती है तो निश्चित हमें जाना चाहिए, यह मेरा एक व्यक्तिगत अनुभव है। इससे व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं प्रबल होती है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कलेक्टर चंदन कुमार ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए रोजगार, कौशल विकास, ग्रामोद्योग,उद्योग एवं व्यापार विभाग को बधाई दिए। साथ ही कलेक्टर ने भविष्य में और अधिक रोजगार मेले आयोजन करने का आश्वासन दिए है। जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिले। उक्त अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार श्री एल के लाकरा, लाइवलीहुड कालेज प्रभारी अनिल कुमार,ग्रामोद्योग सहायक संचालक श्री गोरेलाल रात्रे सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# चिन्मय सागर विद्या निकेतन ग्राम बोड़तरा में वृक्षारोपण संपन्न



**भाटापारा।** राष्ट्रसंत ,जन-जन के संत ,महान तपस्वी संत, विश्व वंदनीय मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज ,जंगल वाले बाबा के 62 वें जन्म दिवस 6 अगस्त के अवसर पर, 1 दिन पूर्व 5 अगस्त को श्री चिन्मय सागर विद्या निकेतन स्कूल ग्राम बोड़तरा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया, जंगल वाले बाबा की महा आरती संपन्न की गई, आरती के पश्चात स्कूल के बच्चे पालक एवं प्रमुख ग्राम वासियों के भंडारे भोजन की समुचित व्यवस्था चिन्मय सागर ट्रस्ट के माध्यम से की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन गदिया, जतनी गदिया ,संदीप कुमार जैन, प्रकाश ,अनिल, आलोक, विनोद, अभिषेक मोदी ,राकेश ध्रुव, विनोद अनंद, पोषण ,प्रकाश महाराज ,राजू शर्मा ,अशोक वर्मा, भुनेश, पीयूष आदि स्कूल की समस्त शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी उपलब्ध उपस्थित थे।

# 11 अगस्त को रेत खदानों का टेंडर खोला जायेगा

**बलौदाबाजार।** जिले में तृतीय चरण के रूप में कुल 9 रेत खदानों का छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत ( उत्खनन तथा व्यवसाय ) नियम, 2019 के तहत नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से आबंटन हेतु इवेंट क्रमांक बलौदाबाजार-03-28-06-2023 निविदा जारी किया गया है। जिसमें प्राप्त बोलियों को 11 अगस्त 2023 को सर्व संबंधितों की उपस्थिति में खोला जाना नियत है। बोलियों को खोलने हेतु सुरक्षा एवं वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए नियत स्थान के रूप में नगर पालिका के अन्तर्गत सिविल लाईन, सर्किट हाउस के पीछे स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सर्व समाज मांगलिक भवन, बलौदाबाजार में आयोजित की जायेगी।

# बालको ने इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट के इस्तेमाल से सस्टेनिबिलिटी को दिया बढ़ावा

**बालकोनगर ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने हरित और सस्टेनेबल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की घोषणा की है। अपने संयंत्र में छह इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट के सफल संचालन के साथ बालको ने 100% इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट में परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फोर्कलिफ्ट का बालको के दैनिक प्रचालन कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान है जो तैयार माल की आवाजाही, ब्रेकडाउन, रखरखाव प्रबंधन, कच्चे माल की आवाजाही, स्टोर प्रबंधन और गोदाम संचालन जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाया है।





कंपनी सस्टेनिबिलिटी के प्रतिबद्धता और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के दृढ़ संकल्प के अनुरूप इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट को अपनाने का निर्णय पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उसके समर्पण का उदाहरण है। यह पर्यावरण-अनुकूल पहल बड़ा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। इससे अनुमानित रूप से लगभग 85,000 लीटर डीजल की खपत में वार्षिक कमी तथा प्रति वर्ष 246 टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। यह मील का पत्थर बालको की महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2050 तक या उससे पहले शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अनुरूप है।

इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं जो कर्मचारियों की भलाई तथा वाहन और ड्राइविंग मानकों के पालन के लिए बालको की प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं। फोर्कलिफ्ट विभिन्न सुविधाओं से युक्त है जिसमें भार के लिए सॉफ्ट लैंडिंग (भार को धीमें से नीचे लाना) एसी ट्रैक्शन मोटर, कर्व कंट्रोल, ओवरहेड गार्ड के माध्यम से बढ़ी हुई दृश्यता, हैंडल के साथ रिवर्स हॉर्न, चौड़े रियर टायर, रेड जोन लाइट और ब्लू स्पॉटलाइट शामिल हैं।



बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको छत्तीसगढ़ और भारत के सतत विकास में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने प्रचालन में 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' नीति के सिद्धांतों में उतरोत्तर प्रगति तथा हमारी निरंतर खोज डीकार्बोनाइजेशन के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। हमारा लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य और देश की निरंतर प्रगति में योगदान करना है। बालको ने तकनीकी और आर्थिक प्रगति के साथ ही औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, सस्टेनिबिलिटी और गवर्नेंस की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पहले बालको ने संयंत्र में आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक वाहन भी पेश किए थे। कंपनी ने अपने प्रचालन को डीकार्बोनाइजिंग करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसमें पूरे संयंत्र में परिवहन में उपयोग किए जाने वाले तकनीकी वाहनों के लिए ईंधन के रूप में बायो-डीजल का उपयोग शामिल है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बालको को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन द्वारा सस्टेनेबल फैक्ट्री ऑफ द ईयर अवार्ड, सीआईआई ग्रीन कंपनी रेटिंग सिस्टम में ग्रीनको सिल्वर पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के लिए हरित विकल्पों की खोज जारी रखे हुए हैं। उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक उत्तरदायित्व और गवर्नेंस से कार्बन फुटप्रिंट कम करने में मदद मिल रही है।

# नकली शराब की आशंकाओं को मिल रहा है बल, आबकारी विभाग सामाग्री जब्तीकरण में सफल

## एक मकान से खाली बोतलें रैपर एवं ढक्कन बरामद

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अवैध शराब की विभीषिका से गुजर रहे भाटापारा मे कार्रवाई भी सक्रियता से जारी है,और आये दिन अवैध शराब की धरपकड़ खबरों की सुर्खियां भी बनती है,लेकिन इस दिशा मे अपराध के हौसले पस्त पड़ने के बजाय बुलंद होते हुए प्रतीत हो रहें है,और क्षेत्र मे इस विकृति मे एक नयी विधा के प्रवेश की आहट भी मिलती हुई प्रतीत हो रही है, जिसकी आशंका बहुत दिनों से जनमानस के बीच व्यक्त की जा रही है।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग एवं साइबर टीम द्वारा संयुक्त पंचशील नगर के एक मकान मे दबिश दी गयी,जहां लगभग 100नग देशी मसाला मदिरा के ढक्कन एवं 25नग खाली मसाला मदिरा की बोतल मिली, इसके अलावा मसाला मदिरा के रैपर भी



मिले,मकान मालिक रोहित भारद्वाज से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि मकान उनके द्वारा किराये पर महेश प्रताप सिंह उर्फ कृष्णा उम्र 21वर्ष मूल निवासी एत्मदपुर आगरा को दिया गया है,किरायानामा भी मकान मालिक द्वारा प्रस्तुत किया गया, किरायेदार की पतासाजी करनें पर वह बस स्टैंड भाटापारा के पास मिला जहां से उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है, पूछताछ मे उसके एक और साथी सूरज कुर्रे का भी नाम सामने आया है,पूछताछ के आधार पर नकली शराब बनाने के लिए सामान एकत्रित करने कीआशंका व्यक्त की जा रही है , आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा



37एवं 42के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पूछताछ की जा रही है,जिससे कुछ अहम खुलासे होनें की संभावना है।

आबकारी विभाग एवं साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई के बाद मकान मालिक से आबकारी दफ्तर मे पूछताछ की जा रही थी,उस समय माहौल थोड़ा गहमा गहमी भरा नजर आया,और मोहल्ले के लोगों जिनमें महिलाओ की संख्या अधिक थी,उनके द्वारा मकान मालिक से पूछताछ का विरोध किया जा रहा था,एवं बेवजह फंसाने का आरोप भी लगाया जा रहा था,जिसके चलते माहौल शोर गुल एवं गहमागहमी मे तब्दील होता हुआ नजर आया,

आबकारी विभाग एवं साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई के तहत मकान से खाली बोतलों ढक्कन एवं रैपर की बरामदगी तथा आरोपियों से पूछताछ संबंधी जानकारी विस्तार के साथ जिला आबकारी अधिकारी विकास गोस्वामी द्वारा दी गयी,लेकिन पत्रकारों द्वारा शराब के ओव्हर रेट अवैध शराब की कार्रवाई मे महज छोटी मछली के पकड़ मे आने जड़ से इस समस्या का निदान नहीं होने जैसे प्रश्नो से आबकारी अधिकारी असहज होते हुए नजर आये,एवं उठकर चले गये।

# किसानों की मिटी चिंता भाटापारा में बरस रहा बदरा

## दूर हो रही कृषि जोखिम किसानों का खिल रहा चेहरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नहर से पानी छोड़ने की उठ रही थी मांग सृजन का मौसम बारिश का मौसम जहां किसान कड़ी मेहनत करते हुए फसल सृजन का अनुष्ठान करता है,उसके तप और परिश्रम के साथ प्रकृति की कृपा वर्षा के बूंदों के रुप मे बरसती है,तब कहीं जाकर धरती सोना उगलती है और जनमानस को जीवनदायिनी अन्न प्रदान करती है। बारिश का मौसम और बारिश का थमना सबसे ज्यादा किसानों को चिंता मे डालता है,भले ही शहरीकरण के प्रभाव और अव्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम बारिश मे शहरों को जरुर दिक्कत मे डालते है, लेकिन किसानों के चेहरे खिले हुए होतें है,बोनी बियासी के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही



कृषि मे जहां वर्षा की निरंतर जरुरत होती है,ऐसे मे वर्षा का थम जाना लाजिमी है किसानों का चिंता मे आ जाना,भाटापारा मे कुछ ऐसे ही परिदृश्य नजर आने लग गये थे,तथा किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींचनी शुरु हो गयी थी, क्योकि बारिश का थमना कृषि को जोखिम में डालती हुई प्रतीत हो रही थी। परिस्थितियां इस कदर जोखिम की राह चलती हुई प्रतीत हो रही थी मानों वर्षा की कमी कहीं कृषि को ही प्रभावित न कर दे,इसके मद्देनजर क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा सरकार से अविलंब नहर मे जल प्रवाहित कर किसानों और कृषि को राहत प्रदान करनें की मांग की गयी,तथा इस संदर्भ मे उनके द्वारा प्रमुख अभियंता एवं मुख्य अभियंता सिचाई से भी चर्चा की गयी। अर्थात वर्षा अभाव की गूंज और उससे राहत के लिए पहल की मांग भी क्षेत्र मे उठनी शुरु हो गयी।

चिंता और बैचेनी से गुजरते कृषि समाज तथा जल का इंतजार करती कृषि को प्रकृति की मनोरम भेंट रिमझिम बूंदों के रुप मे बुधवार अल सुबह से ही प्राप्त होनी शुरु हो गयी,निरंतर बरसती बूंदों ने एक प्रकार से कृषि मे आ रही समस्या का समाधान दे दिया,हल्की और मध्यम फुहारों का क्रम गुरुवार तक जारी है,और किसानों के चेहरे से चिंता की लकीरें मिटती हुई जान पड़ रही है,तथा निरंतर हो रही रिमझिम बारिश कृषि और किसानों के चेहरे को खुशी से भरती हुई प्रतीत हो रहीं है।

# सरयू साहित्य द्वारा अखंड मानस पाठ राम चरित गुणगान, लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुआ भव्य अनुष्ठान

## पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में एक दिवसीय अखंड मानस पाठ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** परम पावन मास पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य मे भाटापारा मे विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी है,इसी कड़ी मे सर्व सरोकारों से जुडी हुई रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से विविध संदेश का प्रसार करने वाली संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे भव्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया, एक दिवसीय अखंड मानस का शुभारंभ पूजन अर्चन से हुआ जिसके तहत पं दुर्गा प्रसाद तिवारी के सानिध्य मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर जी शर्मा, प्रवक्ता मुकेश शर्मा दिनेश शर्मा सहित उपस्थित समस्त जनों द्वारा भगवान का पूजन अर्चन किया गया, उसके बाद विधिवत ढंग से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे मानस का सस्वर पाठ प्रारंभ हुआ,



शनिवार को प्रारंभ हुआ मानस पाठ अनवरत दूसरे दिन रविवार तक जारी रहा,चहुंओर भक्तिमय वातावरण निर्मित करते हुए इस आयोजन मे महिलाओं की भी बड़ी संख्या मे भागीदारी रही, संगीत के साथ मानस के दोहा चौपाई के पठन से समूचा वातावरण राममय रस मे सराबोर नजर आया,रविवार को मानस पाठ का समापन भगवान राम दरबार के पूजन आरती से हुआ,उसके उपरांत प्रसादी वितरण किया गया, अखंड मानस पाठ के समापन के पश्चात प्रत्येक रविवार को आयोजित मानस गान एवं आख्यान की कड़ी प्रश्नावली पर चर्चा प्रारंभ हुई जिसके तहत परिषद के प्रवक्ता मुकेश शर्मा द्वारा प्रश्नों की त्रिवेणी को रखा गया,जिसके तहत मानस किंकर पं राम प्रताप शुक्ला एवं विमल तिवारी चित्रकूट द्वारा प्रस्तुत किये गये चिंतन शील विचार को मद्देनजर करते हुए परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर जी शर्मा द्वारा निष्कर्ष प्रस्तुत किये गये जिसके तहत नाग पंचमी में भगवान भोलेनाथ के गले में स्थित नागदेव की पूजा की जाती है जिससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले भक्तों को सुख शांति समृद्धि प्रदान करते हैं। इसके अलावा अनेकानेक पौराणिक कथायें है। द्वापर में इसी दिन जमुना में स्थित जानक नाग को उनकी पत्नी के कहने पर इस शर्त पर छोड़ा था कि आज से किसी को नुकसान नहीं पहुचायेगा।तभी से नाग पंचमी मनाई जाती हैं।भगवान शिव सती के वियोग में विवाह नहीं करना चाहते थे। विवाह प्रभु श्री राम जी के कहने पर किया। माता पार्वती को देवर्षि नारद द्वारा मंत्र दिये जानें के संबंध मे विभिन्न धारणाएं है,जिसके तहत यह भी माना जाता है कि माता पार्वती को नारद जी द्वारा ऊं नमः शिवाय का मंत्र प्राप्त हुआ।

# बालको के पर्यावरण-जागरूकता कार्यक्रमों ने प्रकृति संरक्षण को दिया बढ़ावा







**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियमम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्तीय वर्ष में हरित पहलों के माध्यम से पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। सस्टेनेबिलीटी के प्रति अपने अटूट समर्पण को दर्शाते हुए बालको ने अपने पर्यावरणीय फुटप्रिंट को कम करने, वृक्षारोपण, सार्थक कर्मचारी जुड़ाव और हरित प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं।

बालको ने सतत विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए संगठन के भीतर %ग्रीन टीम ऑफ द मंथ% प्रतियोगिता शुरू की है। प्रतियोगिता कंपनी के प्रत्येक विभाग के बीच मासिक आधार पर होती है जिसका मूल्यांकन ग्रीन चैंपियन स्कोरकार्ड नामक पद्धति से होता है। स्कोरकार्ड विभिन्न महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे विशिष्ट ऊर्जा खपत, विशिष्ट जल खपत, जल निर्वहन, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण पहल, कार्बन उत्सर्जन में कमी, पर्यावरण पर प्रशिक्षण और जागरूकता, नियंत्रण उपकरण उपलब्धता आदि के आधार पर प्रत्येक एसबीयू के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इस पहल ने विभागों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है जिससे पर्यावरण प्रथाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभाग को पारिस्थितिक संरक्षण के प्रति उसके समर्पण और दूसरे विभागों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया है।

कंपनी ने पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की शुरूआत की हैं। इनमें इको-फ्रेंडली बिजनेस पार्टनर ऑफ द ईयर और ग्रीन चैंपियन ऑफ द ईयर पुरस्कार शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन व्यापारिक साझेदारों और व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने पूरे वर्ष हरित प्रथाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। इन पहलो के माध्यम से कंपनी ने सतत संस्कृति को बढ़ावा दिया है। बालको ने पर्यावरण संरक्षण मुहिम में कर्मचारियों को शामिल कर उन्हें सतत विकास के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 'ग्रीनर बर्थडे की अवधारणा विकसित की है। पहल के अंतर्गत कर्मचारियों अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक फल का पौधा लगाना होता है। कर्मचारियों ने पहल का स्वागत किया, जिसमें उन्हें अपने जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार नागरिक बनने का मौका मिला। अब तक 150 से अधिक कर्मचारियों द्वारा फलदार आम, अमरूद, कटहल और केले के पौधे लगाये जा चुके हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम अपने पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और संरक्षित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

तकनीक और नवीन सोच को अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी और हरित भविष्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हम सतत प्रथाओं में सबसे आगे रहने और उद्योग के लिए एक उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करते हैं। बालको प्रकृति संरक्षण के महत्व समझते हुए हरित कल और पारिस्थितिक संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं। बालको ने वित्तवर्ष 2023 में 1.23 लाख से अधिक पौधे लगाए। कंपनी ने हाल ही में अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने संयंत्र परिसर और व्यावसायिक प्रथाओं में इलेक्ट्रिक वाहनों और फोर्कलिफ्ट को अपनाया है। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2030 तक नेट वाटर पॉजिटिविटी और 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति हासिल करना है। बालको ने सतत व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए तालाबों के जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, कपड़े के थैले वितरण आदि सहित पर्यावरण-अनुकूल सामुदायिक भागीदारी पहल का संचालन किया है। कंपनी ने हाल ही में वित्तवर्ष 2024 में 1 लाख से अधिक पौधे लगाने का वादा किया है।

# बालको ने कंजक्टिवाइटिस की रोकथाम के लिए किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन





**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने परिसर में तीन दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। कंजंक्टिवाइटिस के बढ़ते प्रभाव से निपटने के उद्देश्य से लगाए गए निःशुल्क शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा कर्मचारियों, ड्राईवर और क्रेन ऑपरेटर के लिए नियमित आंखों की जांच भी की गई जो संयंत्र के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

कंजंक्टिवाइटिस तेजी से फैलने वाला एक संक्रामक नेत्र रोग है। संयंत्र में कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए इसके प्रसार को कम करने और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बालको ने नेत्र जांच शिविर आयोजित किया है। शिविर में लगभग 400 कर्मचारी और व्यावसायिक भागीदार नेत्र विशेषज्ञों की सेवाओं और परामर्शों का लाभ उठाने के लिए आगे आए।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है और कंपनी कार्यक्षेत्र में स्वस्थ कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। कंजंक्टिवाइटिस के बढ़ते मामलों के बीच हाल ही में नेत्र जांच शिविर का आयोजन जो हमारे कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को बीमारी से बचाने के लिए कारगर है और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रियता के साथ जागरूकता को बढ़ावा देकर, हम अपने कार्यबल के लिए सुरक्षित कार्यक्षेत्र बनाने का कार्य करते हैं। बालकोनगर और उसके आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हेल्प एज इंडिया के सहयोग से मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) का संचालन कर रही है जो 'उपचार आपके द्वार' थीम पर आसपास के लगभग 45 समुदायों को घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। एमएचवी पहल से लगभग 15,000 नागरिक लाभान्वित हुए हैं। बालको का एक और सराहनीय प्रयास ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट की स्थापना है जो सालाना लगभग 3,000 निवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करता है। यह सुविधा ग्रामीण आबादी को सर्वोच्च स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने उनके जीवन को बेहतर बनाने में सहायक रही है।

कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बालको द्वारा उठाए गए कदमों को मान्यता मिली है। हाल ही में कंपनी को हेल्दी वर्कप्लेस अवॉर्ड्स-2022 श्रेणी में प्रतिष्ठित आरोग्य वर्ल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कर्मचारी स्वास्थ्य एवं कल्याण और देखभाल की संस्कृति के प्रति बालको की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



# झमाझम बारिश में निकली कलशयात्रा





थानखम्हरिया। जमात मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कलशयात्रा से प्रारंभ हुआ। सुबह से हो रही रिमझिम वर्षा के बीच कलशयात्रा संपन्न हुयी। लगातार हो रही बारिश से भी कलशयात्रा में सम्मिलित माताओं एवं बहनों का उत्साह कम नहीं हुआ।



शिव सरोवर से जल भरकर कलशयात्रा गौरव पथ, गुरूद्वारा तिराहा, मुल्लू चौक, जयस्तंभ चौक होते हुये जमात मंदिर पहुँची। पीली साड़ियों में मातायें तथा पीले शलवार शूट में बहनें कलश लेकर जिस ओर भी गयीं वातावरण मंगलमय हो गया। बाजे की धुन पर भजन कीर्तन करते माताओं में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। रास्ते में अनेक स्थानों पर कलशयात्रा का स्वागत किया गया। कलशयात्रा में मॉ दंतेश्वरी महिला मानस मण्डली, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने अग्रणी भूमिका निभायी। इस अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंघानिया काशी अग्रवाल लोकेश अग्रवाल विष्णु अग्रवाल मीना परमार अतुल सिंह राहुल छाबड़ा 7 दिन दाल नमिता सिन्हा रेखा शर्मा नंदनी सिन्हा प्रीति सेना मधु यादव अनुपमा नागवंशी प्रीति मुरारका सीमा सिंघानिया टीचर्स वैष्णव मुकेश सिंघानिया पुरुषोत्तम अग्रवाल उपस्थित थे इनके प्रयास सराहनीय रहा।






## उत्कृष्ट और उत्तम भक्ति से ही भगवान के दर्शन संभव हैं - श्री नारायण महाराज

समस्त नगरवासी थान खम्हारिया श्री राम सेवा सत्संग समिति विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं मां दंतेश्वरी महिला मानस मंडली व अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन जिला बेमेतरा के तत्वाधान में श्री राधे निकुंज आश्रम जांजगिरी भिलाई 03 से पधारे पूज्य श्री नारायण महाराज के सानिध्य में 2 अगस्त से 8 अगस्त 2023 तक श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्र अभिषेक का आयोजन स्थान – जमात मंदिर थान खम्हारिया

श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस की कथा में शिव जी कामदेव आख्यान दक्ष को दंड एवं पार्वती जी जन्म उत्सव की कथा भक्तो को श्रावण कराया पूज्य महराज जी के बताया इस पृथ्वी पर विवाद तभी तक विराजमान है जब तक शिव महापुराण उदय न हो। सभी देवगणों की चर्चा तभी तक है जब तक शिव महापुराण उदय न हो। अनेकों नदियों, अनेकों तीर्थों, अनेकों वाद ये तभी तक हैं जब तक शिव महापुराण उदय न हो। क्यूंकि जब शिव महापुराण का उदय होता है तब हमारे मन से ये सभी चीजें स्वत: ही विलप्त हो जाती हैं।

जो मनुष्य शिव महापुराण का एक श्लोक भी पढ़ता है वह तभी सभी पाप मुक्त हो जाता है।

जो चतुर्दसी के दिन उपवास करके इस शिव महापुराण का पाठ करता है, वह श्रेष्ठ पुरुष शिव महापुराण के प्रत्येक अक्षर की संख्या के अनुसार गायत्री के पुरुष चरण के सामान पुण्य प्राप्त करता है। जहाँ से मन सहित वाणी उन्हें पाकर लौट आती है तथा जिनसे ब्रह्मा, विष्णु और रूद्र आदि युक्त सहित सब कुछ निर्माण होता है और उन्हीं में मिल जाता हैं वह ईश्वर वह स्वामी सम्पूर्ण जगत के वे ही सबसे उत्कृष्ट, उत्तम भक्ति से ही उनका साक्षात्कार होता है, दूसरे किसी उपाय से उनके दर्शन संभव नहीं है वह शिव हैं।

भगवान शिव की पूजा में शिवलिंग और बैर दोनों के रूप में होती है।

जहाँ महा शिवपुराण की कथा होती है वह पर सब तीर्थ प्रकट हो जाते हैं जो मनुष्य भक्ति पूर्व महाशिवपुराण एक श्लोक भी पढ़ लेता है वह उस समय पाप से मुक्त हो जाता है।

इस अवसर पर मुख्य यजमान श्री शिव बिंदल जी , जमात मंदिर महंत जी श्री अनिल सिंघानिया जी , लुकेश अग्रवाल जी , विनय परमार जी , श्रीमती नंदिनी साहू , अनपूर्णा अग्रवाल विष्णु अग्रवाल जी , सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवारी उपस्थित रहें।



कथा व्यास पूज्य श्री नारायण महाराज जी श्री राधे निकुंज आश्रम जांजगीरी भिलाई 3

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in